पशु की छाप

धन्यवाद। और उन्होंनें कहा, “मुझे तुझमें छिपने दो।” क्योंकि, मुझे लगता है कि यह बहुत सुंदर है। मुझे इसे वास्तव में, वास्तव में बहुत ही पसंद है। बहुत धन्यवाद।

और एक बहुत “सुदोपहर,” सभी के लिए, “संध्या” और परमेश्वर का आशीष आप सभी पर बना रहे।

अब, यह, आज रात, फिर से, हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि यहाँ अध्ययन करने के लिए हम वचन के पन्नो को फिर से खोलें। मुझे—मुझे गाना गाना पसंद है; मैं इसे पसंद करता हूँ। और मैंने हमेशा लोगों से कहा है, “जब आप स्वर्ग में जाए, यदि आप मुझे सिंहासन के आसपास कहीं नहीं पाते हैं, तो वहां जाना जहां वे गीत को गा रहे हैं।” और मैं—मैं वहाँ रहना चाहता हूँ। और मैं अच्छे गायन को पसंद करता हूं। लेकिन, सुसमाचार की—की सभा के समय में, जहाँ निर्णय लिए जाने हैं, मैं सोचता हूँ, “बस एक या दो गीत गाकर, और शीघ्र ही वचन के लिए चले जाए। वचन को समय दें।” देखा? क्योंकि यही मुख्य—मुख्य बात है: कि सीधे वचन पर चले जाए।

यहाँ कोई तो था, शहर से बाहर के लोग, वे ट्रेलर या गाडी में रह रहे हैं, स्थान के ठीक पीछे, कि मुझे दोपहर में थोड़ा पहले भेंट करना था, सभाओं से ठीक पहले। यदि वे यहां हैं: मुझे खेद है कि मैं उस भेंट करने के वादे को पूरा नहीं कर पाया; और सभा समाप्त होने के तुरंत बाद मैं आपसे मिलूंगा; और मुझे यह कहने के लिए क्षमा करें, “मैं यहाँ आऊंगा,” जब मैं, दूसरी चीजें सामने आती हैं, तो मैं उस समय पर यहां नहीं आ पाया था।

अब, कल रात्रि... हम सदा एक ही चीज को चित्रित करते है, वह केवल प्रभु यीशु मसीह है, और जो कुछ भी, उसकी दिव्य इच्छा हमारे करने के लिए होगी। परंतु यदि कल रात्रि उसकी दिव्य इच्छा, *परमेश्वर की मोहर,* के लिए होगी, यदि प्रभु चाहेगा तो हम उस पर बोलने जा रहे है।

2 आज रात्रि, हम देंगे, यदि वह... उसका विशेषाधिकारी हमारे करने के लिए है, या हमें विशेषाधिकार हो कि हम उसके लिए करें, चाहे, आज रात्रि,

हम इस घड़ी के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलना चाहते है: *पशु की छाप।*

3 और पिछली रात्रि हम कलिसियायी युगों पर थे, *सात कलिसियायी काल।* और इफुसीस की इफिसियों की कलीसिया से, आरंभ करके; और अंतिम कलिसियायी युग लौदेसिया कलीसिया काल पर समाप्त किया। और होने दे प्रभु अब अपने आशीषे वचन पर दे, जब हम बोलते है।

4 अब प्रार्थना के क्षणों में हम अपने–अपने सिरों को झुकायेगे, इससे पहले कि हम इस दिव्य वचन को खोले।

5 दयालु स्वर्गीय पिता, हम इस विशेषाधिकारी के लिए आभारी है, कि हम आज रात्रि जीवित है, और आज रात्रि इस पृथ्वी पर है, और हमारे स्वास्थ्य और शक्ति है, और भवन में बैठ सकते हैं, जहां परमेश्वर का वचन पढ़ा जाता है।

6 ओह धन्य, छुड़ाने वाले, हम तुझ से प्रार्थना करते है, हमारा छुड़ाने वाला निकट संबंधी होने के नाते जिसने हमें अपने लहू में धोया है, और पाप से शुद्ध किया है, और अब पिता के सन्मुख यीशु मसीह में, दोषरहित, प्रस्तुत किया है; ऐसा हो कि, आज रात्रि, आप आए और वचन को लेकर और उसे हमारे ह्रदयो में खोल दें। होने दे कि पवित्र आत्मा वचन को लेकर जैसा कि यह सिखाया जाता है, और होने दें, कि प्रत्येक ह्रदय में, यह निशाने पर सीधा जाए मेरे और सभा के ह्रदय पर। हमें जैसी इसकी आवश्यकता है, पिता, यह प्रदान किया जाए। और होने दे कि कोई भी इस वचन से ठोकर का कारण ना ले। और, पिता, यदि किसी समय जो मैं कहना चाहूं जो तेरे मार्गदर्शन के विरुद्ध हो तो, होने दे कि पवित्र आत्मा मेरे मुख को रोक दें। मेरी इच्छा केवल सत्य क्या है जानू, और फिर उसका अनुसरण करूं।

7 अब हमें एक साथ आशीष दे, हमारे पापों को क्षमा करें, जैसा कि हम तेरे आराधना भवन में जमा हुए है। और होने दे कि हमारे पाप लहू के नीचे हो जाए, और इस समय हमारी आत्माएं आराधना की सही मनसा में हो जाए। क्योंकि हम यह यीशु मसीह के नाम में मांगते है। आमीन।

8 अब, मैं केवल सोच रहा था, कि यह छोटा सा कागज का टुकड़ा यहां है, मैंने बहुत सारे वचन लिखे हुए है... उल्लेख के लिए, आरंभ से, पढ़ने के लिए। और अब जब मैं यहां पर आया, तो ऐसा लगा मैं उन्हें पढ़ने की

आवश्यकता नहीं समझता। वे अधिकतर वैसे ही है जैसे की होते है; चार या पांच छोटे–छोटे मूल आरंभ होते है।

9 परंतु मैं पढ़ना चाहता हूं या बोलने में, मैं पहले यह कहना चाहता हूं, मैंने कभी इस पर विचार नहीं किया, आप जानते है, शायद, जैसे कि... मैंने क्या कहना है ऐसी कोई योजना नहीं की तब जैसा कि, आप देखते, कुछ भी नहीं है। मैं केवल उसकी प्रतीक्षा करता हूं। और जैसा कि मैं इसे देखता हूं, मैं बस बढ कर और इसे पाता हूं, और आगे बताता हूं। और तब कई बार यह आपको थोड़ा अजीब सुनाई पड़ता है, कभी–कभी, परंतु यह केवल ऐसे ही है जैसे कि मैं इसे प्राप्त करता हूं। इसलिए केवल यही——यही विधी है कि मैं इसे आपको दे सकता हूं।

10 अब, इसमें, आज रात्रि... मुझे यह फिर से कहने दे। यह किसी को व्यक्तिगत या किसी के धर्म की ओर सीधे संकेत नहीं करता, बिल्कुल नहीं। हम इसमें विश्वास नहीं करते। हम विश्वास करते हैं कि हम सही सच्चे अमेरिकन है, कि हर मनुष्य को यह विशेषाधिकारी है कि वह परमेश्वर की आराधना अपने विवेक की पूरी आदेश के अनुसार करें। और हम सदा ऐसा ही चाहते है। परंतु हर एक कलीसिया में, हमारा एक सिद्धांत होता है।

11 बहुत सी बात, संगठनों, और नामधारी गिर्जो में उनका एक धार्मिक मत होता है। और वे उसी धार्मिक मत पर स्थिर रहते है, "यह हमारा धार्मिक मत है।" इस से कोई मतलब नहीं कि सेवक क्या सोचते है, उसे तो धार्मिक मत ही प्रचार करना है, क्योंकि वह नामधारी गिर्जे में है।

12 और यहां हमारे पास कोई धार्मिक मत नहीं है, केवल मसीह, यही धार्मिक मत है; और कोई कानून नहीं केवल प्रेम; कोई पुस्तक नहीं केवल बाईबल। और मसीह अध्यक्ष है; और बाईबल हमारा मूल ग्रंथ है; संसार मेरे लिए सड़ाहट है। इसलिए मैं पसंद करता हूं——मैं उसी प्रकार से प्रचार करना पसंद करता हूं, जो मैं अगुवाई में अनुभव करता हूं, और बस उसी प्रकार से जैसा मैं उसे देखता हूं।

13 और तब इस समय विशेषकर, इस वास्तविक अशिष्ठ, कठोर सुसमाचार के द्वारा, छाटने वाले भाग में बोलने पर, परंतु, आप जानते है, कि यह न्याय का स्थान है। "यही परमेश्वर के घर" (जहां से?) "यहां से न्याय आरंभ होता है।" ठीक है। और यहीं से न्याय आरंभ होता है। और वहां... यदि आप यहां न्यायालय में गए है, और आपकी बहस होनी

थी, तो वहां उनके पास एक कानून की पुस्तक है, उन्हें वह कानून पढ़ना होता है कि देखे, कि आपको किस बात के लिए न्याय करना है। और इसी प्रकार से परमेश्वर के भवन में भी होता है, हमें परमेश्वर के वचन में से लेना होता है।

14 और अब, बहुत सी बार इन बातों में, अब आपको इसमें सुनिश्चित होना है, कि, मैं गलत भी हो सकता हूं। मेरी व्याख्या गलत हो सकती है। परंतु मैं इसको ध्यान के साथ पढ़ने का यत्न करता हूं, और वैसे ही कहता हूं। जैसा यह वचन कहता है केवल वचन के साथ बना रहूं, जो यह कहने के लिए कहता है।

15 और अब यह बहुत ही खराब है, या... हो सकता है यह परमेश्वर की इच्छा ना हो, और हो सकता है हो, मैं नहीं जानता, कि, मैं एक के बाद दूसरे सप्ताह इसी पुस्तक में रहता हूं, केवल इसलिए कि इस पर स्थिर रहूं, और इस पर ध्यान करते हुए वापस डेनियल में, और डेनियल और प्रकाशितवाक्य, और भविष्यवक्ताओं से एक सूत्र में लाता हूं।

16 और परमेश्वर के संपूर्ण वचन का बिंदु–बिंदु एक सूत्र में बंधा है। छहसठ पुस्तके, बहुत से लोगों द्वारा, सैकड़ों वर्षो के अन्तर में लिखी गई, और कोई भी एक से दूसरे का विरोध में नहीं है, एक भी नहीं। उसमें सब सिद्ध है। कभी भी पूरे विश्व में कोई साहित्य ऐसे नहीं लिखा गया।

17 मैं पिछले दो हजार वर्षों से प्रभु की प्रार्थना में बदलफेर का यत्न कर रहे है। एक शब्द इसमें जोड़ने के लिए, या एक इसेमें से कम करके, इसे पहले से बढ़िया बनाने के लिए। आप ऐसा नहीं कर सकते। ओह, यह सिद्ध है। यह परमेश्वर का वचन है।

18 और मैं यह विश्वास करता हूं कि यह—यह बाईबल परमेश्वर का प्रेरणा वाला वचन है। इसका प्रत्येक शब्द प्रेरणायुक्त है। मैं *यह* विश्वास नहीं करता कि यह प्रेरणायुक्त नहीं है और *यह,* और *वह* है। मैं यह विश्वास करता हूं कि यह पूर्णत: प्रेरित है। यह या तो पूर्णत: ठीक है या पूर्णत: गलत है; और यदि यह सब मिलाजुला है, तो हमें नहीं मालूम कि क्या करना है। परंतु, इसका बिंदु–बिंदु सत्य है। मेरी इच्छा है कि मैं अपने जीवन को किसी भी क्षण बलिदान कर दू उस **यहोवा यों कहता है** के लिए जो यहां है।

19 अब, अब उनके पास थोड़ी सी राते बची है। संयोगवश, हम शनिवार रात्रि को सभा करने जा रहे है, बिल्कुल उसी तरह से करने जा रहे है...

20 कलीसिया के कुछ लोगों ने कहा है कि... वे संभवत: है रविवार प्रातः गिर्जे में, आने पर कुडा वगैरा हो, उनमें से कुछ ने कहा है कि वे शनिवार रात्रि में सभा, के पश्चात रुकेंगे, और गिर्जे की सफाई में सहायता करेंगे ताकि लोगों को रविवार प्रात: इसके लिए ना आना पड़े, या... उन्हें रविवार को काम ना करना पड़े, कि—कि गिर्जे के भवन को ठीक–ठाक करें। हम नहीं... हम चाहते है... मैं सब्त वाला नहीं हूं, परंतु तब भी जीतना हो सके सम्मान के साथ उस—उस को आराधना करूं जितना कर सकता हूं।

21 और अब, जब मैं सोचता हूं हो सकता है, मैं कल रात्रि को घोषणा करूंगा, यदि प्रभु ने चाहा कि जिस पर हम शनिवार रात्रि में बात करेंगे।

22 अब, आज रात्रि: *पशु की छाप है।* और कल रात्रि: *परमेश्वर की मोहर।* यह दो विशेष... मैं समझता हूं, इस दुनिया में बोलने के लिए, यह परमावश्यक विषय है, क्योंकि वास्तव में मैं यह विश्वास करता हूं कि हम परमेश्वर के न्याय के छानबीन के समय में रह रहे है। मैं विश्वास करता हूं कि हम ठीक उसी दिन में है। और हम उद्दम नहीं बनना चाहते। हम हठधर्मी भी नहीं बनना चाहते। हम समझदारी के साथ जितना हो सकता है जैसा बाईबल यहां कहेगी, पास आना चाहते है; और यह बिल्कुल ठीक, और सिद्ध है।

23 और अब यह करते हुए, हम आज बहुत से लोगों को, पशु की छाप के विषय में बातचीत करते हुए सुनते है। हमने इसे बहुत पहले से सुना है, "यह क्या है? यह कौन करता है? कहां है? इसे कौन लेने जा रहा है? और यदि वे इसे लेते है, तो यह इनके साथ क्या—क्या करने जा रहा है? क्या? क्या? आपको क्या हानि पहुंच सकता है? क्या इससे—क्या इससे कोई हानि होगी? "

24 ठीक है, हम—हम परमेश्वर के वचन से यही मालूम करने जा रहे है, पहली बात, "यदि पशु की छाप के लिए बाईबल में बोला गया है? " और अगली बात तो, "यह किस युग से संबंधित होगा? और वह कौन लोग होंगे जो इसे लेंगे और आप क्या करेंगे? क्या आप इसे ले सकते है? और इसका पता ही ना लगे? " और आदि–आदि, यह वह कुछ इस प्रकार के प्रश्न है। इसलिए, मेरी सही जानकारी में, यह—यह जीवन संबंधी दो आवश्यक विषय है जो की मैं सोच सका कि यह बाईबल में है, *पशु की छाप* और *परमेश्वर की मोहर।*

25 अब, पहले, मेरे पास वचन है जो कि दिखाते है... या बस मैंने लिख लिए है, ताकि मैं इन्हें निकाल सकूं, और यह है संत... इसे आरंभ करते हुए, आइए हम देखें कि पशु की छाप क्या है, और, "क्या इस छाप को लेना खतरनाक है? क्या है? " अब प्रकाशितवाक्य का 14वां अध्याय और 9वां पद, यह तीसरे दूत का संदेश है। अब, कोई भी बाईबल का ज्ञाता...

26 मैं यहां भाई स्टेनले को देखता हूं, और दो तीन और सेवकों को यहां बैठे हुए है। और कल सांझ यहां कुछ भाई लोग लुईसविले के बैपटिस्ट धर्म विद्यालय से थे, और संभवत कुछ आज है। मैं नहीं जानता। और हो सकता है यहां कुछ मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, कैथोलिक और हो सकता है रूढ़ीवादी यहूदी हो। मैं नहीं जानता। परंतु यह नहीं है...

27 कि यह किसी की भावना को ठेस पहुंचाने के लिए है; बिल्कुल नहीं। और यह केवल... पढ़ने के लिए जिस प्रकार से बाईबल में लिखा है, और आप स्वयं इसमें देख लेंगे। और हम इसको वैसे ही समझदारी से देखें जैसे कि हम जानते हैं कि परमेश्वर के भय में कैसा होता है, यह जानते हुए कि हम हमारे वचनों के लिए हमारा न्याय करेगा। हमारे शब्द या तो हमें न्याय के दिन आशीषित करेंगे या फिर दोषी ठहराएंगे।

28 और यदि मैं यह अनुभव करता हूं कि मैं कुछ जानता हूं, और उसे छिपाए रखूं, तो परमेश्वर न्याय के दिन उसके लिए मुझे बदला देगा; और वे प्राण अपने हाथों से, कह रहे है, "भाई ब्रन्हम, यदि आप हमें केवल यह बताते तो, आज हम इस दशा में नहीं होते।"

29 मैं पुराने पौलूस के समान खड़ा होना चाहता हूं, "मैं सब मनुष्यो के लहू से स्वंतत्र हूं। क्योंकि मैं तुम्हें परमेश्वर की समस्त मनसा बताने से ना झिड़का।" यह ठीक बात है, जैसा कि मैं इसे देखता हूं; और यदि मैं गलत हूं, तो परमेश्वर मुझे क्षमा करें। यह बातें कभी नहीं आई... मैं कभी भी किसी धार्मिक विद्यालय में नहीं गया, कभी किसी में नहीं गया, इस विषय में कभी भी किसी के शब्द को नहीं लिया। मैं सीधा–सीधा बाईबल में गया, प्रार्थना में। और यह दिव्य रूप से पवित्र आत्मा द्वारा प्रगट किया गया, परमेश्वर का वही स्वर्गदूत जो मुझे दर्शनों में निर्देशित करता है और इस प्रकार से आदि–आदि, और बीमारों की चंगाई। और आप उसके द्वारा जांच सकते हैं कि यह सत्य है या नहीं।

30 अब, संसार को यह तीसरे दूत का संदेश है। और आप जानते है, कि तीसरे दूत का संदेश क्या है, जो कि अब आज के दिन चल रहा है। यह तीसरे दूत के संदेश की उड़ान है, यदि आप बाईबल के पढ़ने वाले है।

31 इसके साथ तीन विपत्तियां हुई। पहली वाली प्रथम विश्व युद्ध में हुई। दूसरी वाली द्वितीय विश्व युद्ध में हुई। अब आप देखते हैं कि अब हम कहां जा रहे है। ठीक है। हम मार्ग के अंत में है।

32 अब हम इसे अपने मस्तिष्क में रखें, जरा इसके पहले कि हम वचन पढ़े। स्थिति अनुसार हमें युग के अंत में होना है। कितने समय तक? मैं नहीं जानता; कोई नहीं जानता।

33 परंतु, देखिए, आइए हम इतिहास की भाषा में देखें। पहले दो हजार वर्ष, संसार अपनी उच्चतम स्थिति में था, और परमेश्वर ने संसार को जल द्वारा नष्ट कर दिया। आप जानते हैं ना? तब यह नए संसार के रूप में सामने आया। और दूसरे दो हजार वर्ष, यह फिर से अपने अंत पर आ गया, और परमेश्वर ने यीशु को भेजा। यह ठीक है ना? यह अगले दो हजार वर्षों का अंत है, 1954। "और यह सुसमाचार," यीशु ने कहा, "कार्य को कम किया जाएगा," (किस लिए?) "चुने हुओं के कारण, या नहीं तो फिर कोई भी मनुष्य नहीं बचता," यह इतना पापी समय होगा। इसलिए हम अंत समय में है। और तब सातवां, प्रतीक में मिलेनियम है, हजार वर्ष।

34 जैसा कि परमेश्वर ने हजार वर्ष परिश्रम किया, हम जानते हैं कि हजार वर्ष... "स्वर्ग में एक वर्ष, पृथ्वी के हजार वर्ष है," दूसरा पतरस। समझे? अब, और परमेश्वर ने संसार को छ: हजार वर्षों में बनाया। और अब कलीसिया पाप के विरुद्ध छह हजार वर्षों से परिश्रम कर रही है। और सातवां हजार वर्ष, परमेश्वर ने विश्राम किया, और सातवें में विश्राम किया; और अब एक मिलेनियम, सहस्त्रशताब्दी का प्रतीक, कलीसिया को इस पृथ्वी पर शारीरिक रूप में, बिना बीमारी, दु:ख, या मृत्यु के हजार वर्षों के लिए रहना है। अब एक महान सुनहरा युग आ रहा है! ओह, उसके लिए! ओह, मुझे वह गीत बहुत अच्छा लगता है:

> पृथ्वी तड़प रही है, उस मधुर छुटकारे के लिए रो रही है,
> जब यीशु इस पृथ्वी पर फिर से आएगा।

मुझे यह पसंद है।

> पाप और दु:ख, दर्द और मृत्यू इस अंधेरे संसार के
> समाप्त हो जाएंगे,
> उस महिमा भरे राज्य में यीशु के साथ एक हजार वर्ष
> शांति के।

बाईबल ने कहा, “उन्होंने मसीह के साथ हजार वर्षों तक प्रभुता और राज्य किया,” एक सहस्त्रशताब्दी।

अब, यह तीसरे दूत का संदेश, प्रभु के आने से थोड़ा सा पहले, जब कि मोहर और छाप दी जा रही थी। अब, एक महान हलचल होने जा रही है, एक हलचल।

35 जब से मैं लड़का था, पश्चिम में रहने के लिए, जब हम बाहर जाया करते थे, वसंत के भ्रमण और बर्फ पड़ने के भ्रमण के लिए जाया करते थे, उन पहाड़ों पर जाकर और मवेशियों को नीचे भागना। और सारे मवेशियों को ढूंढने के पश्चात जिन्हें हम ढूंढ सकते थे, उन सब स्थानों में, तब हम उन सब लोगों को छोड़ दिया करते थे... जो हम से संबंधित नहीं होते थे। हमारे थैले एक प्रकार के होते थे और उन पर एक ही छाप होती थी। और यदि कभी आपने...

36 क्या किसी ने वे छाप लगे हुए मवेशी देखे हैं? उन मवेशियों को देखना एक अलग सी बात है जिन पर छाप लगी होती है। मुझे गाय के लिए दु:ख हुआ करता था। और यह भयानक परेशानी होती है जब आप उन मवेशियों पर छाप लगाना आरंभ करते है। छाप लगाने वाले लोहे को गर्म करना मेरा कार्य हुआ करता था, लोहे को तैयार करके। और उसे उस युवा बछड़े पर जो वहां पड़ा हुआ होता था, उस पर रखना और उसके पैर बंधे हुए होते थे; और उस पर वह छाप लगाते थे, और बाल और मांस भुन जल जाता है; और उस पर थोड़ा सा तारकोल डाल कर और उसे खोल देते थे। और जाने के लिए कहते थे! वह वास्तव में चला जाता है। परंतु, देखिए, उस पर छाप हो गई।

37 और इसी प्रकार से परमेश्वर करता है। आपको आल्टर पर जाना ही है, और एक बार मैले कुचले मनुष्य को बांधना होगा। परन्तु, भाई, पवित्र आत्मा जब कभी आप पर छाप लगाता है, आप भाग सकते हैं और चिल्ला

सकते है, परंतु आप चिन्ह युक्त हो गए। यह ठीक बात है। आपके साथ यही है जब मालिक आता है, वह जानता है, कि आप कहां के है।

परंतु, ओह, उस भटकने वाले, एक वर्षीय बालक को वह उन—उन अशिष्टो में वापस चले जाने के लिए दोषी है।

38 अब, छाप लगने का समय। और अब इसमें दो तरह के सवार है जो कि परमेश्वर के और शैतान के होने जा रहे है। शैतान अपनो को ले लेगा और परमेश्वर अपनो को ले लेगा। आज रात्रि हम देखने जा रहे हैं कौन शैतान की छाप लेने जा रहा है, और कल रात्रि हम देखने जा रहे हैं कि कौन, वचन के अनुसार परमेश्वर की छाप लेने जा रहा है।

39 अब 14वें अध्याय की 9वे पद में, अब यहां दूत का संदेश है। यहां थोड़े से वचन पढ़ कर, मैंने इन्हें लिखा है। "और दूत... "

फिर इनके बाद एक तीसरा स्वर्गदूत बड़े शब्द से यह कहता हुआ आया, कि जो कोई उस पशु और उसकी मूरत की पूजा करें, और अपने माथे, या... अपने हाथ पर, उसकी छाप ले,

तो वह परमेश्वर के प्रकोप की निरी मदिरा, जो उनके क्रोध के कटोरे में डाली गई है पीयेगा; और... पवित्र स्वर्गदूतो के सामने और मेमने के सामने आग, और गंधक की पीढ़ा में पड़ेगा:

40 बिल्कुल उससे कोई मतलब नहीं रखना चाहते! देखिए।

और उनकी पीडा का धुआं युगानुयुग उठता रहेगा: और जो उस पशु और उसकी मूरत की पूजा करते हैं, और जो उसके नाम की छाप लेते है, उनको रात दिन चैन ना मिलेगा।

41 मैं पूर्णत: आश्वस्त हूं, मुझे उससे कोई मतलब नहीं। जी हां। सुनिए अगला पद, जबकि मैं इसे देख रहा हूं।

पवित्र लोगों का धीरज इसी में है: जो परमेश्वर की आज्ञाओ को मानते और यीशु मसीह *पर विश्वास रखते है।*

42 अब 15वां अध्याय, और 2रा पद। और... अब सुनिए 15वे अध्याय में और 2रा पद। अब, पहले हम 14वां, और 9वां पद पढ़ रहे थे। अब 15वां, और 2रा पद।

सो पहले ने जाकर अपना कटोरा पृथ्वी पर उड़ेल दिया; और वहां... उन मनुष्यों के जिन पर... पशु की छाप थी, एक प्रकार का

बुरा और दु:खदाई फोड़ा निकला, और जो उस मूरत की पूजा करते थे।

16वां अध्याय और 2रा पद।

और *जिसके साथ पृथ्वी के राजाओं ने व्यभिचार किया, और पृथ्वी के रहने वाले उसकी मदिरा से मतवाले हो गए थे।*

43 एक मिनट। मुझे क्षमा करें। मैंने एक ही बार में दो पन्ने पलट दिए। ठीक है। अब 20वां अध्याय और 4 था पद। ठीक है, हम यही है।

फिर मैंने सिहासन देखें और लोग उन पर बैठ गए, और उन को न्याय करने का अधिकार दिया गया: और उनकी आत्माओं को भी देखा जिनके सिर यीशु मसीह *की गवाही देने और परमेश्वर के वचन काटे गए थे, और जिन्होंने ना उस पशु की और ना उस मूरत की पूजा की थी, ना उसकी छाप अपने माथे, और* हाथ *पर ली थी; वे जीवित होकर मसीह के साथ एक हजार वर्ष तक राज्य करते रहे।*

44 पशु की छाप ग्रहण नहीं कर सकते और तब मसीह की आराधना करें या उसके साथ हो। "परंतु जो कोई भी पशु की आराधना करेगा या पशु की मूरत की आराधना करेगा, परमेश्वर और पवित्र दूतों की उपस्थिति में यत्नाओ में पड़ेगा।" प्रभु इस विषय में यही कहता है।

45 अब हम आरम्भ करने जा रहे है। अब आप अपनी बाईबलों में प्रकाशित वाक्य का 13वां अध्याय निकालिए, और हम अभी कुछ क्षणों में आरंभ करेंगे। अब यह बहुत ही आवश्यक है। और अब ध्यान पूर्वक सुने।

46 पहले, हम अपना विषय पिछली रात्रि से लेना चाहते हैं। पिछली रात्रि हमने कलिसियाई कालों को लिया था, कि, किस प्रकार से हमने देखा कि यीशु अपनी कलीसिया में खड़ा है, "बहुत सारे पानी की आवाज की तरह बोल रहा है; और उसके ऊन सरीखे बाल है; आंखे आग की जलती ज्वाला के समान है।"

47 याद रखें, सारा वो—वो प्रकाशन एक दर्शन है, और प्रतिकात्मक है। सब का एक अर्थ है, इसलिए आप ध्यानपूर्वक सुने। भविष्यवक्ताओं को पढ़े, देखिए प्रतिको का क्या अर्थ है, तब उसकी तुलना यहां करें इसलिए ताकि आप जान सके प्रतीकों का वास्तविक अर्थ क्या है।

48 "आंखें धधकती हुई ज्वाला के समान है," जो कि सारी पृथ्वी पर इधर–उधर फिरती है। और हमने पाया कि यह ज्वालाये, जैसे... "तलवारे, एक तलवार उसके मुख से बाहर निकली और दोधारी तलवार," और हमने पाया कि वह परमेश्वर का वचन था जो कलीसिया के मुख मुख से निकला। "और यहां तक कि वह हड्डियों की मज्ञा को भी काटता है, और विचारों और ह्रदय की भावनाओं को भी जांचता है," इब्रानियों 4था अध्याय।

49 हम पाते हैं कि कलीसिया वहां अपनी सुंदरता में खड़ी है; मसीह केवल उसमें ढला हुआ है! और कलीसिया ने "श्वेत वस्त्र" पहना हुआ है। और आपने ध्यान दिया, यह एक स्त्री थी, "अपनी लज्ञा के लिए," उसने अपनी छाती को कपड़े से ढाका हुआ है; और उसके चारों ओर "सुनहरा बंधन" कसा हुआ है, जो उसकी छाती के चारों ओर है। "श्वेत," मसीह की धार्मिकता के विषय में बता रहा है; और "सुनहरा बंधन" सुसमाचार को दर्शाता है। सुसमाचार का प्रचार पवित्र आत्मा को कलीसिया पर लाता है, मसीह की धार्मिकता; वहीं थामें रहता है, बंधन से बंधा हुआ है, कमरबंद की रस्सी।

50 तब वह वहां पर खड़ा हुआ है, "पीतल के समान पाँव, जो कि भट्टी में तपाए गए है।" पीतल दिव्य न्याय को दर्शाता है। और परमेश्वर, अपनी महान शपथ को पूर्ण करने के लिए, जो उसने खाई उसने मसीह को भेजा, और मसीह ने उस दिव्य न्याय का भुगतान किया। और तब कलीसिया दिव्य न्याय पर आधारित है, मसीह उसके स्थान पर खड़ा हुआ। कितना सुंदर दृश्य है, "सात सुनहरे चिराग दानों के बीच खड़ा हुआ है!"

51 और तब हम पाते है, कि वह पहला कलिसियाई काल, उनके पास क्या था। कितने यहां पिछली रात्रि थे, मैं आपके हाथों को देखता हूं? ठीक है, बहुत अच्छा। पहला कलिसियायी काल, हमने इफिसुस कलिसियायी युग में पाया, उनके पास पवित्र आत्मा का बपतिस्मा था। और उन्होंने लोगों को पानी में बपतिस्मा दिया, और उनके मध्य... सब प्रकार के चिन्ह और आश्चर्य कर्म थे जो कि विश्वासी के साथ होने थे।

52 और कैसे, हर कलिसियायी युग में, वह धीमे पड़ने लगे। दूसरे बार, तीसरी बार, सब अंधकार युग से होते हुए। और वे गलत नाम के साथ आए, गलत बपतिस्मा के साथ, पानी और पवित्र आत्मा दोनों थे।

53 और तब वे अगले युग में आते है, और वे थोड़ा उजियाला पा सके। और तब वहां पर, फिलेदेफिया और लौदेसिया कलीसिया काल के मध्य द्वार स्थापित किया गया।

54 और तब लौदिसिया गुनगुना हो गया और इससे सब कुछ बाहर निकल गया, तब तक कि परमेश्वर ने इसे अपने मुख से उगल ना दिया। ये ठीक बात है। यह वचन है।

55 और हर इतिहासकार और प्रत्येक कट्टर विश्वासी जानता है कि वे सात कलिसियायी काल, या "सात सोने के चिरागदान," जैसा कि बाईबल ने बताया, सात कलिसियायी काल थे। जिस प्रकार कि पुराना नियम यहां नये में प्रतिक है, और जिस प्रकार कि वह केवल पूर्ण हुआ।

56 परंतु अन्यजातियों का समय पूरा होने से पहले एक महान थरथराट और बेदारी होनी है और इससे पहले कि इस्राएली इसे फिर से स्वीकार करें।

57 याद रखें, अन्यजातियों के लिए, अनुग्रह का समय सीमित है। बाईबल ने कहा, "वे यरूशलेम की दीवारों को रौंदेंगे," यीशु ने कहा, "जब तक कि अन्यजाति का समय समाप्त न हो जाए।" यह ठीक है। इसके समाप्त होने का एक निश्चित समय है।

58 और हम उन चीजों को देखते है जिनको उन्होंने किया। हम चिन्हो और आश्चर्यकर्मो जो उनमें हुए, ध्यान करते हैं कि किस प्रकार से मसीह ने उन्हें बताया कि वह कितना शानदार था, और वे कैसे थे। तब ज्योति धीमी और धीमी होती चली गई, और बुझ गई। और तब इसके बंद होते समय, वहां कलीसिया के लिए एक और द्वार खुला हुआ था। अब आइए हम यहीं पर रूके इससे पहले की हम इसमें आगे बढ़े। ध्यान दें, हम एक और भविष्यवाणी को जो मेरे मस्तिष्क में आई, ले। भविष्यवक्ता ने कहा कि, "एक ऐसा दिन होगा जबकी वह ना रात होगी या दिन होगा।"

59 क्या मैं बहुत जोर से बोल रहा हूं? [सभा कहती है, "नही"—सम्पा।] यदि आप चाहे तो इसे थोड़ा स्वर से ठीक कर सकते है... मैं जानता हूं कि यह गुंजता है और यही कारण है कि मैं थोडा जोर से बोलता हूँ, ताकि वह लोग जो पीछे बैठे है, वह ठीक तरह से सुन सके। क्योंकि, यह जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है।

60 "और एक समय होगा, एक दिन," भविष्यवक्ता ने कहा, "जो ना तो रात ही होंगी या दिन होगा।" दूसरे शब्दों में, वह उजियाला तो होगा, परंतु

बादलों वाला, बादलों वाला दिन। "परंतु सांझ के समय उजियाला होगा।" कितना सुंदर चित्र है!

61 जब इस बादल भरे दिन में प्रभात होगी, इसका अर्थ होगा, वहां युद्ध होगा और विपत्तियां, और उथल–पुथल, और विधान, और गिर्जे और वाद, और हर चीजे। वह ना ज्योति होगी ना अंधकार। वह वो समय होगा कि हम जानते हैं कि परमेश्वर है, और एक सुसमाचार है परंतु वह, बस, उसमें से होते देख ना पाएंगे। आप जानते हैं कि मेरा क्या अर्थ है? वे कहेंगे, "बाईबल ने कहा कि उन्होंने *यह* पहले पेंटीकोस्टल पर किया है, उन्होंने *यह* आरंभ की कलीसिया में किया है, यहां यह चिन्ह और आश्चर्यकर्म है, परंतु हमारी—हमारी कलीसिया यह नहीं सिखाती।" देखिए, यह बदली है, ना तो अंधकार ना हीं दिन। "परंतु, फिर भी, हम यीशु मसीह में विश्वास करते है। हम उसके दूसरे आगमन पर विश्वास करते है, और हम जानते हैं कि वह आ रहा है।"

62 बाईबल ने कहा, "वह ना तो उजियाला होगा ना अंधकार होगा।" आप उसे दिन नहीं कह सकते, और आप उसे रात नहीं कह सकते। परंतु, ध्यान दें, "सांझ के समय उजियाला होगा," सांझ के समय!

63 जब पूर्ववासी... यह पुस्तक पूर्व की पुस्तक है; यह बाईबल। जब पहली कलीसिया में पौ फटी इफिसुस में, ठीक है, हमें याद है और देखा कि वहां क्या घटित हुआ; परमेश्वर की ज्योति यीशु मसीह के द्वारा होते हुए पहली बार पवित्र आत्मा के उड़ेलने के द्वारा आयी। इसने समस्त जगत को उजियाला दिया, और बाईबल को लिखा। क्या यह ठीक है ना?

64 अब उसने पश्चिम जगत के लिए प्रतिज्ञा की है, सूर्य पूर्व से उदय होता है, अनुग्रह काल के वितरण के आरंभ में, और अब सूर्य पश्चिम में डूब रहा है, पश्चिमी लोगों पर। हम पश्चिमी लोग है। और उसने प्रतिज्ञा की है कि एक बेदारी होगी और सांझ के समय उजियाला होगा। हम यहां पर है। ज्योति चमक रही है, "और अंधकार ने इसे ना समझा।" यही है। "मनुष्यों ने बुरे कार्यों को अधिक प्रेम किया बजाये इसके कि वे अच्छे कार्य करते।"

65 परंतु यह निश्चित हो रहा है कि वह सामने क्षितिज पर आएगा। और इसमें हमारी पकड़ कितनी थोड़ी सी है। देखिए, यह वही है जो यहूदियों पर उदय हुआ, और यहां अन्यजातियों में अस्त हो रहा है। यहां सारे युगों से होते हुए, उन दो हजार वर्षों में होते हुए, उनके पास *यह* और *वह* था, और

संस्थाये और व्यवस्थाओं और *यह* और *वह* था। और लोग नहीं जानते कि वे कहाँ स्थिर है।

66 परंतु बाईबल ने प्रतिज्ञा की है, परमेश्वर ने यह, भविष्यवक्ता के द्वारा किया है कि, “उस सांझ के समय में उजियाला होगा।” सांझ के समय में उजियाला होगा। मैं विश्वास करता हूं कि हम यहां पर है। सूर्य अस्त हो रहा है। सारी सृष्टि करहा रही है, उस दिन के लिए चिल्ला रही है। ध्यान दें।

67 अब हम पाते है, कि, उनके पास पहली कलिसियायी काल में क्या था, उनके पास एक अद्भुत मत था। पहली चीज, यह एक “कार्य” बन गए थे। उसने कहा, “तू उन निकोलाईयो के कार्य से घृणा करता है।”

68 मुझे आश्चर्य होता है कि निकोलीईयो क्या थे? मैंने इतिहास में बार–बार देखा बार–बार छानबीन की, अच्छी–अच्छी टिकाओ द्वारा मैं ढूंढा सका, और कोई नहीं जान सका, जब तक कि यह मनुष्यो द्वारा बनाया मत आरंभ नहीं हुआ, निक, निकोलस, जिनको की चेले समझा गया, उस प्रकार के जो कि भटक गए। उसने अपने लिए, एक धार्मिक मत का निर्धारण कर लिया था, या ऐसा ही कुछ, और वहां से निकोलाई आरंभ हुए। यह पहले, कार्य थे। और इफिसुस में “कार्य” क्या थे अगले कलिसियायी युग में यह “शिक्षा” बन गई। और तब यह सताए जाने के अंधकार युग में प्रवेश कर गया।

69 अब वही निकोलाईयों की शिक्षा जो कि पहली कलिसियायी युग में, तीन या चार चेलो की पीढ़ी के, पश्चात आरंभ हुई वह एक विलेख बन गए। उन्होंने यह सोचना, आरंभ कर दिया, “ठीक है, *यह* यह होगा।” और अब आप जो बाईबल के पढ़ने वाले हैं आप सब यह जानते हैं कि यह किस प्रकार उभर कर आया।

70 अब, यह लगभग छह सौ ईसवी मैं आरंभ हुआ... या तीन सौ छह जिसको यह कोन्सटनटाईन का धर्मपरिवर्तन कहते है। उसका कभी भी कभी भी परिवर्तन नहीं हुआ था। वह मनुष्य जो कोई गंदे काम करेगा वह उस व्यक्ति ने किया उसका परिवर्तन नहीं हुआ था। यह ठीक बात है। केवल कोई चीज जो उसने कभी की, जिसका कोई—कोई धर्म होता है, तो वह बस उसने संत सोफिया के गिर्जे पर सलीब लगाई। वह ऐसा कुछ नहीं था, जिससे वह स्वर्ग में जाए? ठीक है। उसने मसीहो से कहा, यदि वह लड़ाई जीत जाएगा तो, वह मसीही बन जाएगा। और उन्होंने प्रार्थना की। और

वह गया और युद्ध जीता, या संग्राम जीता, और वह वापस आया और कहा, "ठीक है, मैं गिर्जे का सदस्य बनूंगा।" आज की गुनगुनी कलीसिया के सदस्य का एक सुंदर प्रतीक। यह ठीक बात है। गिर्जे के ऊपर क्रूस का निशान लगाया।

71 उसकी मृत्यू के पश्चात... उसके पास, तीन पुत्र थे; कोस्टेटाईन, कोस्टेनटियस, और कोन्सटेन्स-टिनोपल, जिन्होंने पूर्व, और पश्चिमी रोम बनाया। और वे दो टुकड़ों में विभाजित हो गए, और वह उन दिनों में, ओटोमन सम्राट हो गया।

72 और तब, वे, लगभग चेलो की दूसरी, या तीसरी, कार्य युग में; और तब, पहली बात आप जानते है, उन्होंने आपस में उपद्रव करना आरंभ कर दिया। और उन्होंने, एक छोटा सा वाद निकाल लिया।

73 प्रत्येक आप एक गिर्जा लीजिए... तब, तक वैसली की मैथोडिस्ट कलीसिया सामर्थ में थी, जब जॉन वैसली यहां था तो वह सामर्थ में थी। लूथर अपने दिनों में था; और प्रत्येक। परंतु जब एक बार, जब स्थापना करने वाला मर गया और तब वे भटक गए।

74 जब प्रभु पहले प्रकट हुआ था; तो वे मुझसे चाहते थे, कि एक संस्था इस पर बनाना आरंभ करूं, आदि-आदि इसी प्रकार से। और मैं वहां देखने गया, जहां महान ड्यूट मूडी, संस्थापक का बाईबल संस्थान है। और मैंने सोचा, "यदि ड्यूट मूडी इस बाईबल संस्थान को देख सके; जिसके लिए वह व्यक्ति एक पक्ष में खड़ा हुआ, और अब वे क्या कर रहे है!"

75 ठीक है, मैंने कहा, "यहां देखिए, देखिए क्या हो यदि क्या हो—क्या यदि वैसली, केलविन, नोक्स, फिन्नी, सांके, या फिन्नी, इनमें से कोई भी, उठ खड़ा हो सके, और उनके गिर्जे को देखे कि वे कहां है!" ओह, प्रभु! देखिए, पहला कार्यकाल, जब वहां एक व्यक्ति खड़ा हुआ है, वह सत्य को थामे हुए है।

76 डॉक्टर डूवी को जायन शहर में देखिए, आज, क्यों, वे दिव्य चंगाई पर हंसते है, जबकी वह—वह नगर उसी पर आधारित है। परंतु जब डूवी मर गया तब क्या सामने आया... ब्लैक, जॉन लेक और वे सारे। तब, पहली बात आप जानते है, कि वह कलीसिया चारो ओर चोट करती रही, जब तक वह असेंबली ऑफ गॉड उसमें सम्मलित हुए, और औपचारिकता का

एक महान झुण्ड और आदि–आदि। और वह—वह कलीसिया गई और पिछड़ गई, और एक भयानक स्थिति में चली गई।

77 और इसलिए मैं यह पाता हूं कि बाईबल ने कहा, "दाऊद ने अपनी पीढ़ी में प्रभु की अच्छी सेवा की।"

78 इसलिए मैंने कहा, "प्रभु, मैं कोई भी संस्था नहीं चाहता। मुझे अपने पूरे ह्रदय से सेवा करने दे, जबकि मैं यहां जीवित हूं।" यह ठीक बात है। "आगे जब, मैं चला जाऊंगा तो आपको कोई और व्यक्ति लेना होगा। आपके पास कोई होगा जो इसका स्थान होगा।" बस।

79 किसी और चीज पर बनाने का यत्न मत करना। आप उसी स्थान पर आग नहीं बना सकते। इस्राएल को यात्रा करना जारी रखना। जब वे रुके, वे पिछड़ गए। उन्हें हर रात्रि आगे बढ़ते युग में हर रात्री में; एक नई आग बनानी है; केवल आगे बढ़ते करना। और यही हमें करते रहना है। लूथर के पास जो था वो अच्छा था; वह लूथर के समय के लिए था। जो वैसली के पास था वह अच्छा था; वह वैसली के दिनों के लिए। या जो होलीनेस वालों के पास था, वह अच्छा था; वह उनके दिन थे। हम दूसरे दिनों में रह रहे है। अब हम—हम आगे बढ़ रहे है। और हमारे बाद भी एक दिन होगा, वह बिल्कुल वैसे ही आएगा। परंतु जब तक उजियाला यहां है हम उजियाले में चले।

80 अब, और मैंने यह ध्यान दिया, कि उनमें यह शिक्षा हो गई, पहली बात आप जानते है, जब तक कि यह उनमे वाद बने तब वे रोमी धर्म परिवर्तित हो गए। अब, रोमन साम्रराज्य, जिन दिनों से पहले रोम ने अन्यजातियों के—के संसार ग्रीक को जीता, सिकंदर महान के पतन के पश्चात, जो कि पहले संसार के राष्ट्रों पर प्रभुता कर रहा था; वह रोमी लोग, अन्य जातियों का युग। डेनियल ने दर्शन में ऐसे ही कहा है। हम इसे, कुछ एक—एक मिनटों के पश्चात लेंगे। परन्तु यह सदा संसार पर प्रभुता की सामर्थ रही है; रोम।

81 और तब हम वहां यह पाते हैं, तब, उन्होंने कलीसिया को संस्थागत किया। लोगों का एक झुंड जमा हुआ, लगभग 606, और अपने आप को प्राचीन "आरंभिक पूर्वज," कहलवाया, कलीसिया के पूर्वज। लोगों के झुंड इकट्ठे हुए और एक परिषद की, की उन्हें क्या करना चाहिए, और उन्होंने एक संस्था की स्थापना की।

82 मेरे प्रिय मसीही मित्रों मुझे यहां बोलने दे, प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक दोनों। और अब, मैं समझता हूं यहां पर मेरे बहुत से कैथोलिक मित्र बैठे हुए है; मैं यह आपकी भावनाओं को ठेस लगाने के लिए नहीं कह रहा हूं। क्योंकि, बस थोड़ी देर के लिए शांत रहे, और हम ब्रन्हम आराधनालय को भी इसी में लेंगे, देखिए कुछ मिनट। हमें केवल सुसमाचार ऐसे ही प्रचार करना है जैसा यहां पर है। इससे कोई मतलब नहीं कहाँ... यूहन्ना ने कहा, "कुल्हाड़ पेड़ों की जड़ पर रखा हुआ है," चिपटीयो को कहीं भी उडने दो चाहे जहां जाए। यह ठीक बात है। उसे पेड़ों को काटना ही है और आदि–आदि।

83 परंतु, देखिए, वहां उन्होंने पहली कलीसिया को संस्थागत किया। और वे एक साथ इकट्ठे हुए और पहला कलीसिया संस्थागत किया जो कि विश्वव्यापी गिर्जा कहलाया था, या रोम में कैथोलिक गिर्जा। और कैथोलिक कहते हैं कि वह "मूल गिर्जा है।" और यह बात बिल्कुल सत्य है। ठीक तो यह है यह संस्थाओं की मां गिर्जा कलीसिया है। सही है। संसार के इतिहास में यह पहली बार था, कि कोई कलीसिया कभी संस्थागत हुयी; समय की प्रभात से ऐसा कभी नहीं था।

84 इस्राएल के दिनों में, वे एक—वे एक एक संस्थागत नहीं थे। एक जाति थे, एक संस्था नहीं। और वे... यीशु मसीह ने कभी भी कोई संस्थागत कलीसिया नहीं बनाई। किसी भी चेले ने कभी भी संस्थागत कलीसिया नहीं बनाई। और कभी भी उनकी तीन या चार पीढ़ी के पश्चात उन्होंने कभी भी कलीसिया संस्थागत नहीं की। मैं चाहता हूं कि आप इतिहास लेकर आए और अपनी उंगली वहां रखे... और मुझे दिखाये कि वह कहां है। और मैंने जोसफुस और सब को पढ़ा है आज का हमारा सबसे महत्वपूर्ण इतिहासकार जो हमारे पास संसार में है, जिसे मैं जानता हूं क्योंकि मुझे निश्चित होना है। मैं यह वक्तव्य हजारों लोगों के समक्ष दे रहा हूं; आपके पास सिद्ध करने के लिए यह होना चाहिए कि आप क्या बोल रहे है। यह ठीक बात है। वहां कभी भी कोई संस्था ना थी। और ना ही...

85 और संत पतरस ने कभी भी कोई कैथोलिक कलीसिया स्थापित नहीं की। मैं एक इतिहास या एक वचन का अंश चाहता हूं। संत पतरस विवाहित व्यक्ति था। आपने कहा वह पोप था। वह पोप हो सकता था। पतरस विवाहित व्यक्ति था। बाईबल बताती है, "उसकी पत्नी की मां बुखार से—से बीमार

थी, और यीशु ने उसे चंगा किया।" और जहां तक मैं जानता हूं, पतरस कभी भी रोम नही गया। और ऐसा कोई इतिहास नहीं है जो यह दर्शाये कि वह रोम में था। और यह एक गलती है।

86 परन्तु वे संस्थागत हुए और मिलकर एक गिर्जा स्थापित किया जो कि विश्वव्यापी गिर्जा कहलाया। वहां उन्होंने विश्वव्यापी प्रार्थनाये की। उनमें एक सिद्ध अनुरूपता थी प्रत्येक को एक साथ होना था, प्रत्येक एक ही बात कहता है। एक ही प्रार्थना बोली गई।

87 और उन्होंने ढेर सारे वचन बनाए, उनमें से बहुत से उन्होंने बाईबल में से लिए और दूसरे बनाये। सारी पवित्र बाईबल में एक बार भी अग्निशोधक का कोई उल्लेख नहीं किया गया है; कोई भी "मरियम की जय" नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। वचन में, हर कोई यह सदा भिन्न और इसके विरुद्ध है। कभी भी, यह ऐसा नही था। और यदि यह आपको किसी स्थान में मिले तो यह आपका कल रात्रि आने का असमान्य अधिकार है और मुझे सही करें। यह वहां नहीं है, कही नही है; अपने पुरोहित या पास्टर को लाए। वचन में ऐसा कोई स्थान नही है, जहां इसका उल्लेख किया गया हो।

88 केवल एक छोटी सी मिकाबियो की पुस्तक, जो कि इसमें जोड़ी गई है, जो की प्रेरणा में नहीं है; वह बातें जो इस में डाली गई थी या इसमें से निकाली गई। *यह* बाईबल केवल एक हैं। इसे... प्रारंभिक स्थापना कर्ताओं द्वारा मान्यता दी गई, या किसी भी प्रारंभिक इतिहासकारों द्वारा, या किसी भी समय कट्टर यहूदियों ने, इसे कभी मान्यता नहीं दी केवल इस बाईबल को जो आज हमारे पास है।

89 और, तब, इसमें, अब जरा ध्यान से सुने। अब आप सोचते हैं कि कैथोलिक की धुनाई हो रही है? बस एक क्षण और, समझे।

90 अब, तब उन्होंने कैथोलिक गिर्जे को संस्थागत किया, और उन्होंने सताना आरंभ कर दिया, कि वे करेंगे... आपको प्रत्येक को हर स्थान में गिर्जा और प्रांत को, एक साथ मिलाना होगा, और पागन रोम से पापल रोम में बदलना होगा। दूसरे शब्दों में, पागान के अंधविश्वासों से, उन्होंने मसीहत को अपने ही रूप में अपना लिया। समझे? वे यह नही समझ सके कि क्यों एक एक व्यक्ति खड़ा होता है और किसी भी चीज से प्रार्थना नहीं करता। वे पगान थे, इसलिए उन्होंने केवल वीनस को हटाकर मरियम को रख लिया; उन्हे ज्यूपीटर को हटाकर, पतरस को रख दिया; आराधना

करने के लिए किसी भी प्रकार की एक मूरत। अब, और वे उसके सम्मुख आराधना करने लगे। और उन्होंने विश्वव्यापी प्रार्थना बनाई, लातीनी भाषा में बोला ताकी यह कभी असफल ना हो सके और आदि–आदि, वे सदा एक ही तरह से कहते हैं।

91 आप किसी भी कैथोलिक पुरोहित के साथ बाईबल के आधार पर विचार–विमर्श या वाद–विवाद नहीं कर सकते।

92 यहां पर, एक युवा पुरोहित बैठा हुआ है, अभी कुछ समय पहले मेरे घर में बैठा था। उसने कहा, "आप प्रोटेस्टेंट लोग बाईबल पढ़ते और घर में रहते हो। हम कैथोलिक गिर्जे जाते और आराधना करते है।"

मैंने कहा, "परन्तु क्या? यही है। अब मुझे इसका उत्तर दे।"

उसने कहा, "परमेश्वर अपनी कलीसिया में है।"

93 मैंने कहा, "वह... वचन का एक बिंदु भी ऐसा नहीं कहता।" मैंने कहा, "परमेश्वर अपने वचन में है। उसने कहा है, 'हर मनुष्य का वचन झूठा ठहरे, और मेरा सत्य।'"

94 उसने कहा, "क्या आप नही सोचते कि सारे मनुष्यों का झुण्ड, आपस की सलाह अधिक अधिकार रखती है बजाये एक मनुष्य के? "

95 मैंने कहा, "नही। यदि एक मनुष्य परमेश्वर की इच्छा में है, तो उसके पास सत्य है।" यह हमेशा सिद्ध हुआ है।

96 जैसे कि यशोहपात और मिकायाह के साथ हुआ अभी उस दिन, पिछले रविवार हमने यह पाठ लिया है जब मिकायाह वहां पहुंचा। और चार सौ प्रचारक वहां खड़े हुए कह रहे है, "चढ़ जाओ! प्रभु आपके साथ है। चढ़ जाओ! प्रभु आपके साथ है।"

यशोपात ने कहा, "क्या यहां कोई और नहीं है? "

उसने कहा, "मिकायाह है, परंतु मैं उससे घृणा करता हूं।"

कहां, "आओ सुने कि वह क्या करता है।"

कहा, "जाओ, परंतु मैं इस्राएल को भेड़ों के सामान तितर–बितर देखता हूं।"

बोला, "क्या मैंने तुझसे नहीं कहा था? " देखा?

97 इसलिए, वहां कौन सही था? जब चर सौ प्रशिक्षण युक्त उस मनुष्य के सामने खड़े हुए है, और तब भी एक छोटा बुढा असभ्य पवित्र शोर मचाने वाला वहां खड़ा है और उसके पास सत्य है। यह ठीक बात है। यह सत्य है। उसके पास था। उसके पास सत्य था। उनके मुंह पर चाटा पड़ा और इस पर पिटा; परंतु उसके पास सत्य था।

98 इसलिए इससे कोई मतलब नहीं कि कितने *यह* कहते हैं या कितने *वह* कहते हैं, वह क्या है कि **यहोवा यों कहता है**। वही सत्य है। आपको अपने ही पर खड़ा होना है, बहुत सी बार, जब आप परमेश्वर के वचन पर खड़े होते है, परंतु जो प्रभु ने कहा है उस पर खड़े होने के लिए निश्चित हो जाइए।

99 अब, उन्होंने यह गिर्जा संस्थागत कर लिया, महान सभा, वह कैथोलिक गिर्जा जो कि सारे धर्मों पर आज प्रबल है इस मसीही क्षेत्र में, कैथोलिक वाद है। परंतु, वे कहते है, "आपको आवश्यकता नहीं... हमें नहीं है... "

100 आप कहते है, "कि खाने के लिए 'कहां से लायेगे'? जब आपके 'विवाह के लिए पुरोहित' कहां से लायेंगे? कहां से यह आपको मिलेगा? "

101 कहा, "कि हम बाईबल की शिक्षा नहीं देते।" कहा, "कि गिर्जे की आवाज होती है। इससे कोई मतलब नहीं कि बाईबल क्या कहती है; यह वह है जो गिर्जा कहता है।"

102 परंतु परमेश्वर ने कहा, "कि हर मनुष्य का वचन झूठा ठहरे, और मेरा सच्चा।" अब आपको अपना चुनाव करना होगा।

103 अब, वे निकुलाई एक शिक्षा बन गए थे, और फिर सताने वाले। अब, यहां पर वह अंतिम दिनों में आते है। तब अंधकार के युग में से होते हुए, एक मरूद्यान आता है और पीड़ा; तब वहां पहला सुधार आता है, जो कि मार्टिन लूथर था। मार्टिन लूथर ने कैथोलिक गिर्जे के विरुद्ध आवाज उठाई, इसी कारण वह वहां से निकल गया और उस प्रभु भोज को लेकर...

और उन्होंने कहा, "यह मसीह की देह है।"

104 उसने कहा, "यह मसीह की देह नहीं है। यह पतला बिस्कुट। पापड़ी है बस।"

105 उन्होंने विश्वास किया कि यह पवित्र यूक्रोस्त है, जो कि, "*पवित्र यूक्रोस्त* का अर्थ 'पवित्र आत्मा' है। और जब आप उसे लेते है, तो आप अपनी देह में पवित्र आत्मा लेते है।" और यह गलत है।

पवित्र आत्मा, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा है।

106 ना कि, "जब पेंटीकोस्ट पूरी तरह से आया, एक पुरोहित आया और उन्हें पवित्र यूक्रोस्त दिया, एक पतला बिस्कुट उनकी जुबान पर रख दिया।" या ऐसा नहीं, "कोई प्रचारक आया और उन पर कुछ पानी छिड़का, और उनसे हाथ मिलाया," कोई सा भी। नहीं, श्रीमान।

107 "परंतु आकाश से एक आंधी का सा शब्द आया, जिसने कि वह सारा घर भर दिया जहां वे बैठे थे।" यह वचन है। यही जो कि ठीक है। उस कलीसिया में यही घटित हुआ था, और यही अब घटित हुआ जब कि आज इस दिन में ज्योति चमक रही है। वहां जहां ज्योति चमकी वहां; और यहां जहां ज्योति चमकी यहां।

108 अब यदि कोई भी वचन प्रश्न होता है, मैं उल्लेख कर रहा हूं, इसे केवल इस पर रखें... मैं आपको वह स्थान दिखाऊंगा, कि, यह वचन में कहां पर है। ठीक है। क्रम के चलते इस तरह के थोड़े से समय में... अक्सर, जब हम छानबीन करते हैं, हम कई सप्ताह और महीनों लगा देते है। हर वचन को लेते हुए, आगे बढ़ते हैं, लोगों के पास अपनी बाईबले होती है। परंतु, यदि इस पर प्रश्न है, तो मुझे बताये। ठीक है।

109 तब, मार्टिन लूथर। तब, मार्टिन लूथर के बाद, जॉन वैसली आता है।

110 मार्टिन लूथर केटेकीजम के साथ बाहर निकल कर आया, सारी बातों के साथ। वह बपतिस्मे के साथ बाहर निकल कर आया, वह त्रिएकता, त्रिएकता वाले बपतिस्मे के साथ, निकल कर आया जो कि बाईबल में कभी नही सिखाया गया, कभी भी बाईबल में नहीं सिखाया गया। बाईबल में वहां कभी भी किसी को त्रिएकतावाद बपतिस्मे द्वारा, बपतिस्मा नही दिया गया। यदि यह ऐसा है, तो आकर मुझे दिखाये कि कहां है। यह वहां नहीं है।

111 बपतिस्मा देने के लिए केवल एक ही प्रकार से उन्हें प्रधिकार दिया गया था, "जाओ, और सारे राष्ट्रों को शिक्षा दो," वहां पीछे उसने कहा, "और उन्हें विशेष नाम में बपतिस्मा दो," ना की नाम में, "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के; नाम में।" और चेलो ने पलट कर और प्रत्येक को "यीशु

मसीह,” के नाम में बपतिस्मा दिया और, यह प्राधिकार दिया यदि कोई किसी और प्रकार से बपतिस्मा पाए हुए हो, उसे आकर फिर से बपतिस्मा लेना है उससे पहले वे पवित्र आत्मा पा सकते है। और यहां कैथोलिक गिर्जा बाहर आता है...

112 बाईबल में एक स्थान दिखाएं जहां कोई भी व्यक्ति कभी भी “पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा” के नाम में बपतिस्म लिया हो। यह कितना कोरा है, है कि नहीं? शनिवार रात्रि प्रश्नों की रात्रि है, मैं इसे लूंगा, हम इसे सीधा सरल कर देंगे। ठीक है। ठीक है। मैं चाहता हूं कोई भी जो कि यह दिखा सकता है कि किसी भी स्थान में जहां किसी व्यक्ति को “पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा,” के नाम से बपतिस्मा दिया गया हो, तो मैं प्रचार मंच छोड़ दूंगा और कहे कि मैं एक ढोंगी हूं। और कोई भी किसी और प्रकार से यदि बपतिस्मा पाए हुए हो, तो उसे आकर फिर से “यीशु मसीह” के नाम में बपतिस्मा लेना होता था कि पवित्र आत्मा पाए। यह बिल्कुल ठीक बात है। बाईबल ने यही कहा है।

113 अब, आप देखिए, बजाए सत्य के हम सिद्धांत लेते है। अब आप वचन को देखिए। यह मत कहिए, कि, “ये ठीक है, भाई ब्रन्हम ने कहा है।” अब आप वचन को देखिए। अपनी शब्द सूची लीजिए और उसे देखिए। ओर तब जैसे ही...

114 आप ध्यान दें, कि प्रत्येक कलिसियायी युग में उसका नाम था, जब तक कि वह अंधकार के कलिसियायी युग से ना निकले।

115 और, देखिए, कि यह रूढ़िवादी गिर्जा में—में एक प्रतिछाया है। जब यहूदियों का अंधकार युग आया था, जब आहाब महान राजा के पश्चात्—पश्चात जो उससे पहले हुआ था; अपनी संपन्न स्थिति में था, इस्राएल की स्थिति सुन्दर थी। और आहाब वहां एक किनारे वाली स्थिति का विश्वासी आता है, एक गुनगुनी स्थिति, और जाकर इस छोटी राजकुमारी, ईजाबेल से विवाह किया, जो कि एक मूर्तिपूजक थी, और उसे लाया और इस्राएल में मूर्तिपूजा लाया। क्या आपको यह याद नहीं? एक सुंदर प्रतीक।

116 जब प्रोटेस्टेन्टवाद ने रोमनवाद से विवाह किया तो वे फिर से मसीहत में मूर्ती पूजा लेकर आए, उस अंधकार युग में; बिल्कुल ठीक—बिल्कुल ठीक, भौगोलिक रीती से।

117 अब देखिए जब यह इस ओर आता है। यहां आपको क्या पवित्र आत्मा के स्थान पर एक पतला बिस्कुट; वेफर। यीशु मसीह के पानी के बपतिस्मे के स्थान पर; पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा। उन्होंने हर चीज के स्थान पर कुछ और कर दिया। मैं लेकर और पवित्र वचन से सिद्ध कर सकता हूं; उपस्थापन पर उपस्थापन।

118 और मार्टिन लूथर इससे सहमत था। जॉन वैसली भी इन्हीं चीजों के साथ आया, और इनसे सहमत हो गया। बाईबल में कहीं भी, किसी पर छिड़काव नहीं किया गया। कभी भी कोई ऐसी चीज नहीं थी। बाईबल में ऐसी कोई चीज नही थी, कोई प्रधिकार नहीं या इसके लिए कोई आज्ञा, परंतु आपने इसकी अनुमति दी। यह सही बात है। आपने इसकी अनुमति दी। वे आये और यह छोटी नमक दानी लेकर और उसे आपके ऊपर छिड़क दिया। क्यो? कैथोलिक गिर्जे ने इसे आरंभ किया, और आपने इसके सामने सिर झुका दिया। यह ठीक बात है।

119 किसी दिन, किसी ने कहा, "आप नहीं है... आप, केवल एक गैर कैथोलिक है, आप... "

120 मैंने कहा, "नहीं, भाई। मैं प्रोटेस्टेन्ट हूं। मैं बातों का विरोध करता हूं।" यह ठीक बात है। सुसमाचार का एक सेवक होने के नाते, और यहां परमेश्वर के बालकों के संग जो कि स्वर्ग के आशावादी लोग है, और मुझे उनके लिए प्रचार करना है और उनके सन्मुख एक शिक्षक के रूप में चिन्ह और अद्भुत कार्यो के साथ बैठा हूं, यदि मैं सत्य का पक्ष ना लू तो मैं एक ढोंगी हूं। मैंने कहा, "जी हां, श्रीमान। यदि यह मुझे मार दे। मैं पक्षधर रहूंगा। मैं—मैं नहीं रहूंगा मैं केवल वही शिक्षा दूंगा जो बाईबल है।"

121 और मैं किसी के साथ किसी भी, समय बातें करने के लिए इच्छुक हूं, चाहे; वह रोम का पोप हो, या आर्यबिशप, या वह जो भी हो। समझे? जी हां, श्रीमान। यह ठीक बात है। यदि मैं गलत हूं, तो मुझे आकर दिखाएं। अब, मैं गलत नहीं हूं, क्योंकि मैं वचन का उल्लेख कर रहा हूं। आप... मैं आपकी पाठ्यपुस्तक नहीं लूंगा। यह पाठ्यपुस्तक है, ठीक यह *यहां* है।

122 अब, तब, आप ध्यान दें, वे अपने इन सारे रिवाजों के साथ आना आरंभ हो गए।

अब, इन अंत के दिनों में पीड़ाये आ रही है।

123 अब हम, लगभग, प्रकाशितवाक्य के 13वे अध्याय को आरंभ करने जा रहे हैं। अब आप, यदि यहां तीसरे अध्याय पर ध्यान दें यहां, कहा है, “मैंने देखा, और एक मेमना सीने पर्वत पर खड़ा है… ” नहीं, मुझे क्षमा करें, मैं गलत पद पर हूं, गलत अध्याय, 14वे, 13वां अध्याय:

> *… और वह समुन्द्र के* बालू *पर जा खड़ा हुआ, और मैंने एक पशु को समुद्र से निकलते देखा, जिसके सात सिर, और सात सींग थे और उसके सींगो पर—पर दस राजमुकुट और उसके सिरों पर निंदा के नाम लिखे हुए थे।*

124 *निंदा* क्या है? “मजाक उड़ाना, उपहास में बातें करना।” अब देखिए, उसके “सात सिर और दस सींग।” और ध्यान दें वह कब “समुद्र से निकल कर आता है।” प्रकाशितवाक्य 17, आप लोग, जो लिख रहे है, 17:15, कहा कि—कि वो *पानी* “भीड़ और लोगों को दर्शाता है।” इसलिए यह *पशु* “सामर्थ, अभक्ति की सामर्थ को दर्शाता है।” “शिकार या पशु लोगों में से निकल कर आता है, और वह समुद्र की रेत पर खड़ा होता है। और मैंने पशु देखा… ”

> *और जो पशु मैंने देखा वह चीते की नाई था… और उसके पांव… भालू के से और मुंह… सिंह का सा: और अजगर ने अपनी सामर्थ; और … अपना… सिंहासन और बड़ा अधिकार उसे दे दिया।*

125 “अजगर!” अब हमारे पास विचार के लिए दो चीजें है। पशु पर ध्यान दें। उसमें चार भिन्न प्रकार के चरित्र है।

126 और यदि आप डेनियल 7 ले, आप जो निशान लगा रहे है, डेनियल 7। डेनियल ने भी यही दर्शन देखा, आठ सौ वर्ष पहले, उसने यह दर्शन देखा। उसने वे पशु देखें, एक दूसरे से अलग, अन्य जातियों के राज्य के आरंभ में।

127 और यहां वे है, यूहन्ना उन्हे देख रहा है, और अन्य जातियों के राज्य का अंत, वे सारे चारों पशु एक में दर्शा दिए है। वही पुराने शैतान, प्रेत आत्माएं, जिन्होंने रोम की प्रत्येक राज्य को अपने अधिकार में ले रखा है, नीचे चलते हुए और यूनानियों, और आदि–आदि, नीचे चलते हुए अन्य जातियों के भाग में से होते हुए, और नीचे आये और सारे एक पशु में सम्मालित हो गए। हम सीधे–सीधे, इसे ढूढेगे, और देखेंगे सही में। यह कौन है। यह सारे,

चीता, सिंह, यह सारे, वह अजगर। आप में से कितने जानते हैं कि अजगर क्या होता है? *अजगर* "रोम" को दर्शाता है। जी हां।

128 आइए इसे पढ़ें। इस प्रकार का प्रश्न आपके मस्तिष्क में है। मेरे लिए प्रकाशितवाक्य 12वां अध्याय निकाले, थोड़ी देर। आइए यहां देखें, प्रकाशितवाक्य 12। अब देखिए।

फिर स्वर्ग पर एक बड़ा चिन्ह दिखाई दिया, एक स्त्री...

129 *स्त्री* क्या दर्शाती है? "कलीसिया" को। यह—यह यहां पर दुल्हन है। यह कलीसिया है, वास्तविक कलीसिया।

... एक स्त्री जो सूर्य ओढे हुई थी, और चांद उसके पांव तले था, ...

130 देखिए, चाँद उसके नीचे... "सूर्य उसके सिर पर, चांद उसके पैरों के तले।" *सूर्य* जो कि "अनुग्रह का काल था।" और *चाँद* "व्यवस्था का काल था।" *स्त्री* वह "रूढ़ीवादी कलीसिया," और वह व्यवस्था पर खड़ी है। व्यवस्था क्षीण होती जा रही है, क्योंकि व्यवस्था आने वाली अच्छी वस्तुओं की छाया है। यह ठीक बात है? चांद केवल एक छाया है, चाँद से परिवर्तित होता है (यह ठीक है ना?), जो चाँद को बनाता है। और व्यवस्था उसके पैरों तले है; वह उस दिन में जीवन बिता कर निकल चुकी है। और अब यहां ध्यान दे कि वह किस प्रकार की वेषभूषा में है।

... और *उसके पैरों तले और उसके सिर पर 12 सितारों का मुकुट है:* (कलीसिया 12 प्रेरितों की शिक्षा का ताज पहने हुए है, देखा।)

और वह गर्भवती हुई और चिल्लाती थी... क्योंकि प्रसव की पीढ़ा उसे लगी थी। (यह रूढ़ीवादी कलीसिया है। ध्यान दें।)

और—और एक और चिन्ह स्वर्ग पर दिखाई दिया; और देखो एक बड़ा लाल अजगर था या जिसके सात सिर और दस सींग थे,... (देखिए, सात को सदा अपने मस्तिष्क में, "सात सिर," रखे हुए)... *दस सींग... सात मुकुट, उसके सिरों पर है।*

अब, *और उसकी पूछने आकाश के एक तिहाई तारों को खींचकर पृथ्वी पर डाल दिया: और वह अजगर उस स्त्री के*

सामने जो जच्चा थी, खड़ा हुआ, कि जब वह बच्चा जने तो उसके बच्चे को निकल जाए। (देखिए!)

और वह बेटा जनी, जो लोहे के दंड लिए हुए, सब जातियों पर राज्य करने पर था: और उसका बच्चा एकाएक परमेश्वर के पास और उसके सिंहासन के पास उठाकर पहुंचा दिया गया।

131 रूढ़िवादी कलीसिया वहां खड़ी है; सूर्य चमक रहा है; बारह चेलों की शिक्षा। अच्छा ठीक है। चाँद उसके पैरों के नीचे, व्यवस्था, आने वाली बातों की छाया; सुसमाचार का उजियाला अब चमक रहा है, जब सूर्य उदय हुआ तो व्यवस्था धूमिल होती चली गई।

132 "उसे जनने की पीढ़ा हुयी और उसने एक पुत्र को जन्म दिया," जो कि यीशु मसीह था, "और वह परमेश्वर के पास उठा लिया गया। परंतु जैसे ही... " यह यहां है। "परंतु जैसे ही अजगर जो कि शैतान था, उसने स्त्री को देखा कि वह जनने पर है, वह उसके पास खड़ा हुआ कि जैसे ही वह बालक उत्पन्न न करें वह उसे निकल जाए।"

133 और जब यीशु उत्पन्न हुआ, तो रोमी राज्य ने ढिंढोरा पिटवाया, कि दो वर्ष से नीचे के सारे बालको को मार डालो, कि यीशु मसीह को भी मार ले। और परमेश्वर ने उसकी आंखों को ढांक दिया, और उसे मिस्त्र को ले जाकर उसे छिपा दिया, वैसे ही जैसे उसने मूसा के साथ किया।

134 वहां वह लाल अजगर, शैतान है। उसका सिहांसन कहां है? अंदर... रूस में नहीं; रोम में! और कहा, "कि शैतान ने उसे अपना सिहासन दे दिया और अपना अधिकार, लाल अजगर," ना की रूस।

135 मैंने एक महान सेवक को यह कहते सुना, "रूस मसीह विरोधी है।"

136 क्यों, रूसियो का मसीह विरोधी से कुछ भी लेना देना नहीं। वह कम्यूनिजम है। प्रोटेस्टेन्टवाद और कैथोलिकवाद की गलतियों से कम्यूनिजम उत्पन्न हुआ। जिस कारण से रूस ने उनको वहां से निकाला, क्योंकि उनके पास सारा धन था। सारी प्रार्थनाये उन संतो से की जाती थी, इसलिए उन्होंने बड़ी–बड़ी इमारतें बनाई, और लोगों का सारा धन ले लिया, और इस प्रकार से इसे इकट्ठा कर लिया। और उन्होंने देखा कि उनका रहन–सहन भिन्न प्रकार से नहीं, और वे संसार से किसी प्रकार से भिन्न नहीं थे, और उन्होंने इसे त्याग कर और कमन्यूनिजम की रचना की।

137 अब यदि आप मुझे एक रात्रि और दें, यदि परमेश्वर करें, मैं आपको यह सिद्ध करके दिखा दूंगा कि कम्युनिजम सामर्थी परमेश्वर के हाथों में, एक हथियार है कि रोम को नष्ट करें–... और, याद रखें, मैं यह परमेश्वर का भविष्यवक्ता होने के अधिकार से कह रहा हूं, कि रुसी राज्य किसी तरह का बम्ब वेटिकन शहर पर गिरायेगा और इसे एक घंटे एक घंटे में नष्ट कर देगा। **यहोवा यों कहता है**। और बाईबल ने कहा कि परमेश्वर ने उन क्रूर ह्रदय के लोगों को लिया और उन्हें उसके हाथों में कर दिया, और वे उसके हाथों में औजार थे कि, "उसकी इच्छा को पूरा करें," और उसके पास ठीक उसी को लाए जो उसके पास आना है। यह बिल्कुल ठीक बात है। यह वचन है।

138 भाई, आप इसका अनुभव नहीं कर सकते कि बातें कितनी चालबाज है! याद रखे, यीशु मसीह ने कहा कि मसीह विरोधी इतना मिलता–जुलता होगा कि वह चुने हुओं को भी धोखा दे दे। कहा, "कि कोई भी मनुष्य तुम्हें बहकाने ना पाए।" कहा, "कि मूर्तिपूजको के समान ना बनो, कहा कि तुम्हारी प्रार्थनाएं बार–बार और बार–बार, 'मरियम की जय, मरियम की जय धन्य है तू कृपाओ से भरी, और तू धन्य है... '" कहा, "कि मूर्तिपूजको के समान ना बनो, जो बार–बार दोहराते है।" उसने कहा, "और इस पृथ्वी पर किसी मनुष्य को अपना 'पिता' ना कहना, ना ही... क्योंकि तुम्हारा केवल एक ही पिता है, जो स्वर्ग में है।"

139 परंतु तुम घूम कर इसकी उपेक्षा करते हो, और कैसे भी तुम यह करते हो, क्योंकि यह प्रचलित है। शैतान के पास सदा प्रचलित बातें होती है। यह आरंभ ही से ऐसा ही है, "एक धर्म के रूप में।" कैन के पास भी यही चीज थी। यहां इस मसीही विरोधी में इसी, उसी की आत्मा कार्य कर रही है; और यहां घात किया गया हाबिल आता है। यह ठीक बात है। ध्यान दें, और अब देखें।

140 पीछे के सारे पशु, अब यहां इस एक पशु में मिल जाए गए हैं, जो कि "लाल अजगर" शैतान कहलाया था।

अब आइए 13वे अध्याय के 15वे पद से आरंभ करें।

141 अब आप देखिए कि *रोम* "शैतान का सिहांसन था—था।" सात सिरो वाला पशु दस सींगो के साथ बालक के पास खड़ा है, यीशु बालक के पास कि जैसे ही वह उत्पन्न हो उसे निगल जाए। यह किसने किया? हिरोदेस

ने, रोम; सदा से ही। यदि हमारे पास पर्याप्त समय हुआ, तो हम डेनियल को सीधा–सीधा लेंगे, और प्रभु हमारी सहायता कर रहा है, और हम इसे देखेंगे।

142 जैसे कि वचन में हर जगह है, अन्यजातियों के आरंभ से, पीछे उत्पत्ति में से, मैं यह सिद्ध कर सकता हूं कि बाबुल उत्पत्ति में आरंभ हुआ और प्रकाशित वाक्य में समाप्त हुआ। हाम के पुत्र निम्रोद से आरंभ हुआ, मूर्ति पूजा के द्वारा, कि मूर्तियों को आराधना के लिए, अन्दर लाए। और यह यहां तक चलता चला आया, और, अंत के दिनों में इतनी चतुराई के साथ इसने मसीहत का नाम ले लिया, और, फिर भी, मूर्ति पूजा है!

143 क्या, महान संत पौलूस ने दूसरे थिस्सलुनीकियो मैं नहीं कहा? आइए आगे बढ़ने से पहले, हम इसे पढ़ ले। दूसरा थिस्सलुनीकियो, दूसरा अध्याय, और देखे कि पौलूस यहां क्या कहता है। उसने इसे आत्मा में भी देखा, इससे पहले कि वह जिस समय में हम रह रहे हैं, आये।

144 ओह, ये ठीक है, यह दिन जिसमें हम रह रहे है, कैसे हैं जिस अंधकार में हम रह रहे है, और पुरुष और स्त्रियां यहां इस पैगन के अंधकार में इकट्ठे हो रहे हैं और यह जानते तक नहीं। क्या—क्या ही करुणा का विषय है! कैसा वह दिन है...

145 पौलूस ने कहा, "वह दिन तब तक नहीं आएगा, जब तक कि पहले गिरावट ना आ जाए, और पाप का मनुष्य प्रगट ना हो जाए।" अब ध्यान दे, वह उसकी मनुष्य होने की घोषणा करता है। क्या यह ठीक है ना? पौलूस ने कहा, "कि वह पाप का मनुष्य था, वह जो कि परमेश्वर सबके ऊपर है उसका स्वयं विरोध करता है, इसलिए वह जिसकी आराधना परमेश्वर के समान की जाती है।" एक मनुष्य की आराधना परमेश्वर के सामान की गयी; एक मनुष्य जिसे यहां आराधना के रूप में उपस्थित किया गया। और उसने कहा, "वह दिन तब तक नहीं आ सकता पहले वहां पतन आना है।" यह क्या है? गिर्जे की गुनगुनी स्थिति। ठीक है।

146 सुनिए। मैं आपके लिए पढ़ता हूं, दूसरा थिस्सलुनीकियो, यदि आप चाहेगे। ठीक है। अब आरंभ करने के लिए मैं ठीक स्थान पर आ सकता हूं, इसलिए हमें बहुत सा नहीं पढ़ना पड़ेगा। "कोई मनुष्य तुम्हें धोखा ना देने पाए," 3रा पद, दूसरा थिस्सलुनीकियो, 2रा अध्याय।

किसी रीति से किसी के धोखे में ना आना: क्योंकि वह दिन ना आएगा, जब तक धर्म का त्याग ना हो ले, (अब लौदिकिया की कलीसिया है)... *और वह पुरुष,* (पुरुष, एक वचन)... *पाप का पुरुष, विनाश का पुत्र प्रगट ना हो विनाश का पुत्र;* (परमेश्वर के पुत्र के स्थान), *विनाश का पुत्र;*

जो विरोध करता (स्वयं) *और हर एक से जो परमेश्वर या पूज्य कहलाता है, अपने आप को बड़ा ठहराता है ताकि* उसकी उपासना परमेश्वर के समान हो; *यहां तक की वह परमेश्वर के मंदिर में बैठ कर अपने आप को परमेश्वर* प्रगट *करता है।* (पापो का स्वीकारना ग्रहण करता है!)

147 मेरे कैथोलिक मित्र, मुझे मत बताओ! आप यह कैसे कह सकते है, मैं "किसी और में नहीं केवल एक मरियम में विश्वास करता हूं; कैथोलिक गिर्जा एक मरियम के द्वारा बोलता है।" यदि आपके पास पैसे नहीं है, यह ठीक बात है। परंतु मैं आपको अब यहां अपने ही लोगों में बता दूं; एक नवयुवती ठीक यहां मेरे सामने बैठी है एक मां यहां पर बैठी है और एक पिता भी है; और एक दूसरी स्त्री यहां इस छोटे बालक के साथ है। लड़की ने प्रोटेस्टेन्ट युवक से विवाह किया; वे अलग–अलग होकर चले गए। तब पहली बात आप जानते है, कि वह लड़की पहले कैथोलिक लड़के से विवाह करेगी; और उसे जाकर बहुत से पैसों का भुगतान करना होगा और वापस आएगी, और, "तो उसने पहली बार उस प्रोटेस्टेन्ट लड़के से विवाह किया ही नहीं है।" यहां हावर्ड है, मेरे अपने लोग...

148 ठीक है, यहां तक सही है... मैं नाम नहीं लूंगा। उसके पास—उसके पास पुत्री है, और वह पुत्री लगभग छब्बीस वर्ष की है। उसका पति, उसने उसे (पति को) मिल टाऊन में छोड़ा, और भाग गई और एक कैथोलिक पुरुष से विवाह किया। और अब वे कहते है, "कि उसे गिर्जे से बाहर निकाल देना चाहिए।" इसलिए उन्होंने काफी पैसो का भुगतान किया कि वापस आ जाए "और उसे फिर से कुवारी में बदल दिया," और इस पुरुष से विवाह कर दिया। मुर्खता! वापस फिर कुवांरी बना दिया? परमेश्वर की दृष्टी में, वह विवाहित है, और व्यभिचार में जी रही है। यह बिल्कुल ठीक बात है। यह भी **यहोवा यों कहता है** है। सत्य है।

149 कितना अशोभनीय है! “बहुत से पैसे भुगतान में दिए।” यही कारण है कि यह बड़े–बड़े गिर्जे और विद्यालय बने है। इसी प्रकार से। सारा संसार... यहां संयुक्त राज्य में, आप यह नहीं जानते। आपको एक बार मेरे साथ सागर पार चलना होगा, और आप देखेंगे। जी हां, श्रीमान। भाई, आप वहां जाएं, जहां इनकी चलती है।

150 मैं आपके सामने एक प्रमाणित तस्वीर ला सकता हूं, भाई कोप ने अभी ली है, और मुझे भेजी है, एक प्रोटेस्टेंट प्रचारक, पवित्र आत्मा से परिपूर्ण सड़क के किनारे *इतना* सूजा पड़ा हुआ है, वह और उसकी पत्नी और एक छोटी लड़की, इस तरह से सूजे पड़े है; क्योंकि उन्होंने यीशु मसीह पुनरुत्थान की सामर्थ को प्रचरित किया, और लोग बच सकते थे और पवित्र आत्मा प्राप्त कर सकते थे। उन्होंने उन्हें सड़क पर घात किया, और उन्हें गाडने नहीं दिया, और कई दिनों तक, उन पर थूकते रहे। यह ठीक बात है।

151 बिल्कुल वहीं जहां भाई ओजबर्न को, बंदूकों के बल पर पकड़ा जाना था, कि उन्हें बाहर निकाल दे। वे वहां गए, और एक... एक पुरोहित का झुंड एकत्र होकर वहां आया और इस नवयुवक को घात किया। और पत्नी के तभी बालक उत्पन्न हुआ था। और वे सड़क पर इस प्रकार चले कि जैसे एक—एक—एक पहरे में उसे कब्र में गाड़ने को ले जा रहे हो। और यह मां बालक को लिए हुए पीछे–पीछे, रोती हुई, अपने मृत पति के पीछे–पीछे जा रही थी। और लोगों ने उस विधवा को देखा, सच्चे ह्रदय के लोगों ने, कहा, “यदि कैथोलिक गिर्जे की यह अनुभूति है, तो हम इसका बहिष्कार करते है।” और हजारों, उनके पीछे–पीछे, सड़क पर चले। भाई ओजबर्न की वहां बेदार सभा थी, जब तक उन्होंने उसे राष्ट्र से बाहर ना निकाल दिया। वहां बहुत से लोग थे। यह बिल्कुल सत्य है।

152 ओह, यह ढोंग है! मैं जानता हूं यह बुरा चित्र है। कैथोलिक मित्रों, थोड़ा सा शांत रहें अभी थोड़ी देर में हम दूसरी ओर भी रगड़ाई करने जा रहे है। ठीक है। ध्यान दें।

153 अब ध्यान दें, हम थोड़ा सा, और आगे बढ़ने को है। मैं आपको बता दूं हो सकता है। मुझे कुछ समय मिले, अभी तीस मिनट है। ध्यान से सुने। अब आईये वापस चले, हर पढ़ने वाला, एक मिनट अपने मस्तिष्क में आपकी कल्पना की छवि में। जब...

154 यहां हर रूढ़ीवादी विश्वासी यह जानता है कि अन्य जाति का राज्य राजा नबूकदनेस्सर से आरंभ हुआ। ठीक है ना? प्रत्येक रुढ़िवादी विश्वास जानता है। और राजा नबूकदनसर को एक दर्शन मिला, और डेनियल ने उसे इसका अर्थ बताया। ठीक है ना? और उसमें सोने का सिर था जो, कि बाबुल था; और दूसरा मादे और पर्सिया; अगला ग्रीस राज्य; फिर रोमन राज्य। और रोमन राज्य के अंत में यीशु मसीह, वह पत्थर था जो कि पहाड़ से, बिना हाथ के खोदे, जो कि लुढक कर आया और उस मूर्ति को तोड़ दिया (ठीक है ना?), और सारी पृथ्वी का ढांक लिया। हर कोई जानता है। कोई भी विश्वासी यह जानता है।

155 और अंत के दिनों में, किस प्रकार से जब, वे बहुत से राज्यों में टूट जाएंगे, और आदि–आदि, पंजों में वहां मट्टी, और लोहा था। और इसका अर्थ, भविष्यवक्ता ने कहा, "जैसा कि तूने देखा कि लोहा और मट्टी आपस में नहीं मिल सकते, ना ही ये भी आपस में मिलेंगे।" परंतु वे बीज वंश को मिला देंगे, यत्न... दूसरे शब्दों में, वे उनमे विवाह कर देंगे, कि अपने बालको को बढ़ाएं, और इस प्रकार सामर्थ को तोड़े। आप जानते हैं कि यह सत्य है। परन्तु, इसकी एक पकड़ है, और आप लोग, "ओह," कहते है कि, "यह शानदार है।"

156 इस स्टीवनसन को देखिये, यहां पर जो भी नाम है। अब उसका... यहां पर। उसका क्या नाम है? मैं अभी–अभी भूल गया... वह व्यक्ति जो यहां था, जो यहां पर सारे विवाद खड़े कर रहा है। [सभा नाम बताती है—सम्पा।] हां। ओह, हां!

157 यह संयुक्त राज्य आखिर तक सड़ गया है। जी हां, श्रीमान। मैं इसी समय आपको सिद्ध करके बता सकता हूं जब... प्रकाशितवाक्य 12 में, यह स्त्री यहां है, जब... उसका पुत्र परमेश्वर के सिंहासन पर बैठाने के लिए उठा लिया गया, और, जब यह हुआ, तो स्त्री जंगल की ओर भाग गयी, जहां पर वह, बारह सौ साठ दिन तक पाली गई, बिल्कुल सही ठीक प्लेमाऊथ रोक की दिनांक, जहां कलीसिया धार्मिक स्वतंत्रता के लिए यहां पहुंचती है, और वह यहां स्थिर हुई।

158 और हम यहां प्रकाशितवाक्य के 13, वे अध्याय के 15वे पद में देखेंगे। और, अब, एक मिनट, इससे पहले मैं वापस जाना चाहता हूं, और हम

यहां देखते है जहां वह समुद्र के किनारे खड़ा है। अब यदि मैं उस स्थान को ढूढ़ सकू, जहां 11वा पद है।

फिर मैंने एक और पशु को पृथ्वी में से निकलते हुए देखा; (पानी में से नहीं—नहीं)...

159 "पृथ्वी में से।" फिर लोगो का जमघट और भीड़ पानी है तब, फिर यह संयुक्त राज्य है जहां कोई नहीं है।

... *और उसके मेमने के से दो सींग थे,...*

160 "मेमने के *समान* दो सींग," ना कि मेमना। वह क्या है? वह हमारी अमेरिकन भैंस है। निश्चय ही। देखिए, वह यहां है, "मेमने के समान दो सींग।" परंतु फिर उसने क्या किया? पहले उसके पास धर्म की स्वतंत्रता थी; उसने मेमने के समान कार्य किया, मेमने के समान बोला। परंतु, याद रखें, वह कभी भी वह पुराना मेमना नहीं बना। वह मेमना था। आप जानते हैं यह राष्ट्र केवल एक सौ पचास वर्ष पुराना है, एक मेमना।

... *और* तब *वह अजगर* की नाई *बोलता था।*

और यह उस पहले पशु का सारा अधिकार उसके साम्हने काम *में लाता था,* (वह लाल अजगर), *और पृथ्वी और* उसके *रहने* वाले से उस पहले पशु की, *जिसका प्राण घातक... घाव अच्छा हो गया था पूजा कराता था।* (देखिए!)

और—और वह बड़े-बड़े चिन्ह दिखाता था स्वर्ग से पृथ्वी पर आग बरसा देता था... (अणु बम और हाइड्रोजन; तेज, बुद्धि, गान राष्ट्र, और आदि-आदि, पृथ्वी के रहने वाले को इन बातों के द्वारा भरमाता था।)

161 यह संयुक्त राज्य एक ऐसे समय में आएगा कि गिर्जा और राज्य एक साथ आपस में मिल जायेंगे। और प्रोटेस्टेन्ट और केथोलिक अपनी मतभेद की बातों को एक साथ भुला देंगे, कि कम्युनिस्ट से लड़े। और यह बिल्कुल ठीक जो परमेश्वर ने कहा है यहां उसी के हाथों में नियंत्रित है।

162 और तुम प्रोटेस्टेन्टो, सामने पड़े हुए, गहरी निंद्रा में, प्रेम कथा की पवित्र पत्रिकायी पढ़ रहे हो बजाये अपनी बाईबल के! बजाये कहीं, प्रार्थना सभा के किसी प्रकार की टोली में, इधर-उधर घूम रहे हो, किन्ही छोटी मोटी चीजों पर; *जिनका* कोई महत्व नहीं है उनके लिए आपस में झगड़ रहे

हो। [भाई ब्रन्हम चुटकी को बजाते है—सम्पा।] आपको कहीं अपने घुटनों पर होना चाहिए था, यदि आप आनंतता का अर्थ जानते कि क्या होता है।

163 अब, ध्यान दें, जब नबूकदनेस्सर राजा, वहां आरंभ में, पहले, जब अन्यजातियों का युग प्रदान किया गया था। आइए देखें कि किस प्रकार से यह आया। और जिस प्रकार से यह आया, आप देखेगे कि उसी प्रकार से यह चला गया। हम जानते हैं अन्य जातियों के लिए अनुग्रह के समय का आरंभ हुआ, और समय का अंत हुआ। क्या यह ठीक है ना?

164 अब ध्यान दें, जब राजा नबूकदनेस्सर... जब डेनियल को वहां भेजा गया था, एक बुद्धिमान भविष्यवक्ता, जब बाकी सारे यहूदियों ने अपने को एक प्रकार से झुका दिया था और रोमियो के साम्हने झुक गए थे... याने बाबुल के लोगों के साम्हने। परंतु वहां तीन, चार मनुष्य थे; तीन (शद्रेक, मेशक और अबेदनोग), और डेनियल, जिन्होंने अपने ह्रदय में परमेश्वर की सेवा करने का निश्चय किया। और जब उन्होंने शद्रेक और और आदि को, उसमें फैका... और डेनियल एक महान व्यक्ति बन गया था, और राजा नबूकदनेस्सर और बेल्तशेजर के सामने, और आदि– आदि। जब वो एक महान व्यक्ति बन गया, अब ध्यान दें, राजा नबूकदनेस्सर ने एक सोने की मूरत बनाई और उसे एक मैदान में स्थापित किया, और कहां कि हर एक को उस मूरत के साम्हने झुकना होगा।

165 क्या आपने इसकी निर्दोषता पर ध्यान दिया, यह मूरत किस की बनाई गई थी? यह डेनियल था, एक मनुष्य की मूरत। और क्या उसने नहीं कहा, "इश्वरो की आत्माये," मूर्तिपूजक? और जैसे आज हम है, उनमें से तीन या चार ले लिए है। "ईश्वरो की आत्माये उसमें रहती है," और उन्होंने डेनियल की मूरत बनाई। और उसने कहा, "और जो भी मूरत के सामने नतमस्तक नहीं होगा, उसे आग की भट्टी में फेंक दिया जाएगा।" आपने ध्यान दिया, उस समय डेनियल दृष्य से बाहर है। समझे मेरा क्या अर्थ है? "और जो कोई भी उस मूरत के सामने नहीं झुकेगा वह टुकड़ों में काटा जायेगा, या सिंहो की मांद में फेंका जाएगा, या आग की भट्टी में जलाया जाएगा, या कुछ भी एक दंड दिया जाएगा।"

166 और इस प्रकार से अन्यजातियों का भाग आरंभ होता है, मूर्ति पूजा की आराधना के साथ, उन्हें उसके सामने झुकाने की पीड़ा के साथ। और बाईबल भविष्यवाणी करती है कि इसका अंत भी इसी प्रकार से होगा,

"एक पवित्र मनुष्य," यीशु मसीह; उसकी मूरत की आराधना करें, और आदि–आदि।

167 आपको याद है, फॉक्स की शहीदों की पुस्तक, वे उनके सामने क्रूस रखते थे, दोनों हाथों की ओर इस प्रकार सांड रखा करते थे, और कहा करते होंगे... यदि तुम प्रोटेस्टेन्ट का तिरिस्कार करोगे, प्रोटेस्टेन्ट का तिरस्कार करो, और कैथोलिक बन जाओ, और "इस क्रूस का चुंबन करो।" वे एक सांड को एक और ओर दूसरे और सांड को दूसरी ओर और उन्हें बीच से फाड़ देते थे। वे उन्हें जीवित जलाते थे। उन्होंने सब कुछ किया। मैं उन पुराने तहखाने में जहां मृतकों रखते थे गया हूं; मैं जानता हूं कि मैं क्या कह रहा हूं। और, देखिए, कि, यह ठीक बात है। और वे वहां थे। और ध्यान दें मार्टिन लूथर से पहले उन शहीद होने के दिनों में कैसे गुजरे। बाईबल के अनुसार।

168 अब फिर से ध्यान दें। अब मैं चाहता हूं कि आप एक विशेष बात पर ध्यान दें। वह बाबुल का राज्य किस प्रकार से टूटा? एक रात्रि उन्होंने जाकर परमेश्वर के पवित्र पात्रों को लिया, और उनमें मदिरा पीने लगे; और एक महान उत्सव मनाने लगे, और रखेलियों का, एक झुंड लिया, और नाच रहे थे और मतवाले हो रहे थे, और एक उत्सव मना रहे थे। क्या यह ठीक है? उस समय एक हस्तलेंख दीवार पर आया, "**मने, मने, तकेल, उपहर्सीन**।" यह ठीक है? और वे गए और कसदियो के सारे बुद्धिमानो को, एकत्र किया, गुनगुने गिर्जे के सदस्य, और उनमें से इसे कोई भी पढ़ नहीं सका। यह ठीक बात है।

169 परंतु वहां उनके पास एक मनुष्य था जो अन्य भाषाओं को पढ़ सकता था, अनुवाद कर सकता था, हाल्लेलुय्या। देखा मेरा क्या अर्थ है? वह अन्य भाषाओं का अनुवाद कर सकता था। इस प्रकार से यह समाप्त हो गया।

170 अब इसी प्रकार से यह पवित्र आत्मा की सामर्थ जो लोगों पर है, जो पवित्र आत्मा के बपतिस्मे से भरे हुए है बाहर जा रही है, जिसके पास सामर्थ और चिन्ह और आश्चर्यकर्म है। उधर अन्यजाति की कलीसिया जा रही है। वहां बचे हुए लोग है।

171 कैसे वहां वह अंदर आती है, कैसे वह वहां से बाहर जाती है, बिल्कुल ठीक वैसे ही, झुकना और उस धर्म का जो आधा मूर्ति पूजा है बलपूर्वक थोपना। और परमेश्वर निर्णायक समय में अंदर आता है और अज्ञान भाषा

में लेख, और मनुष्य इसका अनुवाद करता है। वह इसका अनुवाद कर सकता है। वह उस भाषा को नहीं जानता; कोई भी इसे नहीं जानता। परंतु उसके पास वही पवित्र आत्मा था, जो उससे अनुवाद करवाता है, वही पवित्र आत्मा आज कलीसिया में है।

172 आप इसे "धार्मिक हठ" कहते है। मैं स्वीकार करूंगा कि उनके पास बहुत कुछ है। परंतु, भाइयों, वहां पर, एक वास्तविक भी है। वहां पर एक सच्चा वास्तविक भी है। शैतान ने हर तरह की जाली मुद्रा फैकी जो वह आपके मार्ग में, आपको भ्रमित करने के लिए फेंक सकता था। और यदि आप परमेश्वर के विषय में अधिक नहीं सोच सकते हैं तो जाएं और अपनी बाईबल पढ़े और प्रार्थना करे और परमेश्वर से पूछे, तब वह आप पर प्रगट कर देगा कि आप अपने प्राणों के लिए बहुत चिंतित नहीं है।

173 वहां बाहर आगे बढ़कर कहे, "परमेश्वर, मैं इस बात की चिंता नहीं करता कि आपने कितना पुराना चारा वहां बाहर डाल रखा है। मैं आपकी बाईबल को कहते हुए, देखता हूं और मैं दृढ़ संकल्प हो चुका हूं!" कि यह सही है। "आपने मुझसे अब्राहम के वंश से प्रतिज्ञा की है।"

174 परमेश्वर आपको बुलाएगा आप इस पर आएंगे; परंतु यदि आप नहीं आते हैं, तो मैं चिंता नहीं करता कि आप कितने धार्मिक है, तो आप नष्ट हो गए; बस, आप नहीं आ सकते। सिवाये इसके, कि वह आपको बुलाये कोई मनुष्य नहीं कर सकता। और वह कभी नहीं चाहता कि कोई नष्ट हो जाए, परंतु आप में से बहुत से हो जाएंगे क्योंकि आप इस विषय में बिल्कुल निश्चित है।

175 और आप इधर उधर जाएंगे और देखेंगे कि कुछ थोड़ा हठधार्मिक सा दिखाई पड़ता है, थोड़ा प्रभावपूर्ण, "अच्छा, डॉक्टर *अमुक–अमुक* ने *अमुक–अमुक,* और आदि–आदि ने कहा है।" और तब आप पलट कर और पवित्र आत्मा की निंदा करते है, और आप जानते है, कि यह कभी भी क्षमा नहीं किया जाएगा।

176 आप कुछ ही मिनटों में यह पायेंगे कि शैतान की छाप क्या होती है, शैतान की मोहर क्या—क्या होती है, पशु की छाप। "जो कोई भी पवित्र आत्मा के विरोध में कुछ कहेगा, वह ना इस लोक में, ना आने वाले संसार में, कभी भी क्षमा किया जाएगा।" पहली कलिसिया को देखिए उन्होंने क्या किया। दूसरी कलिसिया, के विषय, में देखिये! आप अपने आप को

परमेश्वर के राज्य से बाहर शैतान में मोहर कर सकते है; बाहर वहां जहां कोई भी "क्षमा नहीं है ना तो इस संसार में ना आने वाले में।" सही में। इसलिए, बहुत सावधान रहिये, आदरपूर्ण चलिए। जो आपका है उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि आप नहीं जानते कि क्या घटित होगा।

177 अब, हम देखते हैं कि यह सब इकट्ठा होता जा रहा है। मेरे पास बीस मिनट है। मैं चाहता हूं कि आप मेरे साथ, प्रकाशितवाक्य का 17वा अध्याय निकालें, ताकि थोड़ी सी देर में समाप्त हो जाए। अब घर जाने वाले मार्ग पर ध्यान करेंगे। ध्यान से सुनिए। मेरे साथ पढ़े। अपनी बाईबले खोल ले और पढ़ने के लिए तैयार हो जाए। यह इस मोहर हो जाना चाहिए।

178 ध्यान रखें, दो चिन्ह है; एक स्वधर्म त्याग का, दूसरा पवित्र आत्मा का। एक शैतान का चिन्ह है।

179 याद रखें, मैंने यह कहा है, कि आरंभिक कैथोलिक गिर्जा... अब, कैथोलिक लोग, कुछ मिनटों के लिए आदरपूर्वक बैठे रहे। प्रारंभिक कैथोलिक गिर्जे ने इन चीजों के विषय में स्वयं अपनी धारणा बना ली। उनके पास पवित्र भोज के लिए गलत शिक्षाएं थी, कि रोटी का पतला टुकड़ा ले बजाए पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के।

180 प्रोटेस्टेंटो ने हाथ मिलाना अपना लिया, या शपथ लेना; परमेश्वर के वचन के अनुसार दोनों ही गलत है। *यह* लिपी है। उन्होंने आकर "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा से बपतिस्मा दिया," जबकि एक बार भी किसी ने कभी भी इस प्रकार से बपतिस्मा नही लिया; जो कि बिल्कुल एक मूर्तिपूजक, कैथोलिक बपतिस्मा। और वे इसे मानते है, और कहते है, "तुम प्रोटेस्टेन्ट हमारे बपतिस्मे से सहमत हो।"

मैंने कहा, "तुम ऐसा क्यों करते हो? "

181 कहा कि, "कैथोलिक गिर्जे को अधिकार है कि वे जिस वचन को चाहे बदल सकते है।"

मैंने कहा, "यह झूठ है।"

उसने कहा, "तो फिर तुम क्यों इसके सामने झुकते हो या सहमत होते हो? "

182 ओह, तो फिर आप चुप हो जाओगे। मैं नहीं! मैं इसका विश्वास नहीं करता। यह परमेश्वर का वचन है। यह ठीक बात है। यदि लोग इसका

अनुकरण करना चाहते है, तो उन्हें अकेले चलना होगा। मुझे सत्य बताना ही है। यह ठीक बात है।

183 ध्यान दें, तब वे इस सब के साथ बाहर आ गए, गिर्जे उसी पुराने केटेकीजम में शामिल हो गए और वहां वे सब बाते। मुर्खता और निरर्थक विचारो वालो का कैसा झुण्ड है! और इसने लाखों धर्म निन्दक और ठंडे कहलाने वाले, उत्पन्न कर दिए...

184 आरंभ में, यह शैतानी ही था। और मैं आपको सिद्ध कर दूंगा कि बाईबल में यहां यह कहा कि, "सारा संसार पशु की सामर्थ से चकित था; जो था, जो नहीं है, पर अभी है।" यह कैसे हो सकता है कि, "था, और नहीं है"? कहा, "कि समस्त संसार इस विषय पर चकित था।"

185 जब पागान रोम पापल रोम हो गया, फिर यह नहीं रुका। रोमियो कार्य पद्धति रुक गयी; जब नया राजा आया, उसने केवल नई कार्य प्रकृति स्थापित की। परंतु जब यह पागान रोम में आया, कैथोलिक गिर्जे द्वारा पोपवाद के द्वारा, यह कभी नहीं रुकता है। यदि एक पोप मरा, उन्होंने दूसरा वाला बैठा दिया; एक पोप मरा, वह दूसरा बैठा देते है। "वह पशु जो था, जो नहीं है, अभी है; जो नहीं है, जो अभी भी है; जो... और सर्वनाश में जाएगा।" वचन से होते हुए **पवित्र आत्मा यों कहता है**।

186 अब, सुनिए। "और वहां एक आता है... " आप सब इस पर ध्यान दें, 17वां अध्याय।

> *और मेरे पास आकर, जिन सात स्वर्ग दूतो के पास वे सात कटोरे थे,* (यह अंतिम कटोरे थे जो उन्डेले ले गए), *उनमें से एक ने आकर मुझसे यह कहा कि... इधर आ; मैं तुझे... उस बड़ी वैश्या का दंड* दिखाऊंगा, *जो बहुत से पानियों पर बैठी है:*

187 प्रकाशितवाक्य 12 पर ध्यान कीजिए। यह एक कुवाँरी स्त्री थी। वह वास्तविक सच्ची स्त्री थी। कितनी सुंदरता से वह खड़ी है!

188 परंतु यहां एक है जो वैश्या कहलाती है, "डब्लू–एच–ओ–आर–ई," का अर्थ है एक–... वह क्या है? आईये इस को बढ़ाकर–... या इसका विश्लेषण कर के देखें।

189 मुझे क्षमा करें। बहुत तेजी से चल रहे है; सोच रहा हूं कि अभी पंद्रह मिनट है। नहीं तो मैं अगला घंटे में भी बताता रहूंगा, इसलिए थोड़ा सा शांत रहें। [सभा कहती है, "आमीन"—सम्पा।]

190 देखिए। ठीक है। देखिए, हम इसका विश्लेषण करें। वह एक दूषित महिला है। वैश्या क्या होता है? मुझे यह शब्द कहने में अच्छा नहीं लगता, परंतु यह यहां बाईबल में लिखा है। यह वह स्त्री है जो अच्छी स्त्री का ढोंग करती है, और दूसरे पुरुषों के साथ व्यभिचार करती है। अब, यदि स्त्री कलीसिया को दर्शाती है, तो यह एक कलीसिया है, जो अपने को मसीही दर्शाती है, और दूसरी बातों के संग व्यभिचार करती है। क्या यह ठीक है?

191 "और वह बहुत से पानीयो पर बैठी है; लोगों के जमघट पर और भीड़ पर।" पढ़िए... 15वे पद को और आप, देखेंगे कि। या, वहां 17वे को भी। हम इसी पर एक मिनट में आ जाए। "वह स्त्री जो बहुत से पानियों पर बैठी है; वैश्या है।" क्या बात है! अब यदि हमारे पास एक के बाद दूसरे दिन होते, तो मैं इस स्त्री का विषय लेकर और उसे कैन से लेकर प्रभु यीशु के आगमन तक उसके पद चिन्हों की लीक को लेता, और आपको सिद्ध करता कि वही थी जिसने कलिसिया को संस्थागत किया। वह संस्थाओं की मां है। देखिए, "और स्त्री बहुत से पानियों पर बैठी हुई है। बहुत से, पानियों पर बैठी हुई है।"

अब, 2रा पद।

> ... *जिसके साथ पृथ्वी के* (के–आई–एन–जी–एस) *राजाओं ने व्यभिचार किया, और पृथ्वी के रहने वाले उसकी व्यभिचार कि मदिरा से मतवाले हो गए थे।*

192 दूसरे शब्दों में, वह स्वयं को मसीही कलीसिया मानती है; ऊंची, सुन्दर। देखिये, एक मिनट में, उसने कैसी वेशभूषा पहन रखी है, मोतियों और सोने और बहुमूल्य पत्थरों के साथ। वे कहते है, "कि उसके समान कौन है? "

193 और उसके हाथ में "उसके व्यभिचार की मदिरा, " से भरा हुआ प्याला था, उसकी गंदगी, उसकी शिक्षा जो उसने राजाओं से मिलकर की, ओह, बस छोटी सी प्रार्थना करो और "प्रार्थना आपको अग्नी शोधक से बाहर कर देगी, " और यह सारी बातें। यहीं है। आप वही है। मैं जो पढ़ रहा

हूं यह परमेश्वर का वचन है। देखिए, “इसलिए वह मुझे वहां अंदर ले गया... ” अब आइए, हम देखें... यह ठीक बात है, कि मदिरा बनाई अब 3रा पद। ठीक है।

> *तब वह मुझे आत्मा में जंगल को ले गया मैंने किरमिजी रंग के पशु पर एक स्त्री को* बैठे–... *हुए देखा...* (“किरमिजी,” धनवान, संसार का सबसे धनवान गिर्जा।)

194 वे यहां चिल्लाए, “कौन उस स्त्री से लड़ सकता है?” संसार में एक मनुष्य है, संसार में केवल एक मनुष्य, सारे संसार में जिसके पास सामर्थ है जैसी राजा नबूकदनेस्सर के दर्शन में थी। वे पैरों की दसो उंगलियां सब जगह चली गई... रोमन लोहे की धारिया संसार के हर देश में चली गयी। संसार के किसी भी मनुष्य के पास ऐसा करने का अधिकार नहीं है जैसा रोम के पोप के पास है। राष्ट्रपति आर्यजनआवर संयुक्त राज्य में बोल सकते है, और उसका कानून; परंतु दूसरे राष्ट्र है, वह उनमें बोल सकता है, और वह कुछ भी नही है। परंतु कैथोलिक पुरोहित शासन रोम में बोल सकता है, और प्रत्येक राष्ट्र उससे आनंदित होता है। यह ठीक बात है। यह वह है। अब हम देखने जा रहे हैं कि वह कहां है, और देखते हैं यदि वह वही है या नहीं, देखिए यदि वह यहां चित्रित होता है। ठीक है।

> ... *और मैंने किरमिजी रंग के पशु पर जो निन्दा के नामो से छिपा हुआ था एक स्त्री को बैठे देखा,* (धनी)...

195 झूठा बपतिस्मा; झूठी अर्थ व्यवस्था; अंधेपन में लोगों का मार्गदर्शन, उन लोगों को बता रही है कि केवल गिर्जे आ जाओ, और अपने पापों को मान लो और आदि–आदि, “मरियम की जय बोलो,” पश्चाताप कर लो। अज्ञानता! अर्थहीन! मैं नहीं समझ पाता, कि कैसे अच्छे सभ्य लोग ऐसी–ऐसी बातों, का विश्वास करते है।

> ... *जिसके सात सिर है...*

196 आप फिर वहीं है, चारों और यह वही शैतान है, लाल अजगर, पशु और हर चीज, उसके “सात सिर; दस सींग।”

197 “और वह स्त्री,” स्त्री, अब, एक, कलीसिया। अब, *पशु* एक “सामर्थ” है वह स्त्री, एक रोमन कैथोलिक कलीसिया है, बल्कि रोमन कैथोलिक सामर्थ। परंतु, अब यहा पर गिर्जा या कलीसिया बोल रही है।

यह स्त्री बैजनी और किरमिजी, कपड़े पहने थी, और सोने और बहुमोल मणियो और मोतियों से सजी हुई थी, और उसके हाथ में एक सोने का कटोरा था जो घृणित वस्तुओं से और उसके व्यभिचार *की अशुद्ध वस्तुओं से भरा हुआ था:*

198 यह यहां है; और कुछ गिर्जे समझे, आप। है कि नहीं? वही पर ही होना है; वह चित्रित हो गई। जरा सा और नीचे पढ़े और हम देखेंगे कि वह कौन है।

और उसके माथे *पर यह* नाम लिखा *था* ***भेद बड़ा बाबुल, पृथ्वी की वेश्याओं और घृणित वस्तुओं की माता।***

199 ठीक है, प्रोटेस्टेन्टो, यहां जहां आप शिकजे में आ गये। आप स्वीकार करेंगे कि वह एक वैश्या है परंतु वह एक "**माता**" है (किसकी, पुत्रों की?) "**वैश्याओं की**।" वह भी *स्त्रियां* ही होगी, क्या यह ठीक है ना? तो फिर यह *गिर्जे* होंगे, क्या यह नहीं है? तो वह गिर्जो की मां है, क्या वह नहीं है क्या? मार्टिन लूथर कहां से निकल कर आया? कैथोलिकवाद से। यह सब कहां से निकले है? कैथोलिकवाद से, अपनी वही शिक्षा लेकर आए है, और आप उसके सामने नतमस्तक है।

200 अब, एक गहने पहने वाली स्त्री जैफरसनविले में एक अच्छी, सच्ची, कुवांरी बालिका उत्पन्न कर सकती है, यह ठीक बात है, यदि वह चाहे तो सीधा साफ जीवन व्यतीत कर सकती है। ऐसे ही लूथरन गिर्जे ने किया, मैथोडिस्ट, और बैपटिस्ट, और प्रेसबीटेरियन, और आदि–आदि ने किया; कुछ समय के लिए वे ठीक–ठीक सीधे–सीधे चले, जब उनके—जब उनके संस्थापक उन्हें सुसमाचार प्रचार करते रहे। परन्तु अब वे रंगारंग कार्यक्रमो, नृत्यों, टेलीविजन, धूम्रपान, और हर कार्य के लिए जाते है, (आप जानते हैं यह सत्य है!), रविवार को घर पर ही रहते है। यह क्या है? क्योंकि आपकी वैश्या अपनी मां के समान कार्य कर रही है। यह बिल्कुल ठीक बात है। यह बिल्कुल सही बात है।

201 अब आइए देखें रंग कहाँ पर है। बाईबल कहती है कि वह "**वैश्याओं की माता है**।" और हर कोई जानता है कि वह पागान रोम था, या श्रीमति पापल रोम, वह कैथोलिक गिर्जा। एक मिनट, मैं उसकी स्थिति इस पृथ्वी पर दिखा दूंगा कि बिल्कुल ठीक वह कहां पर स्थित होगी। ठीक है। वह कहां है, वह कौन है, बाईबल ने ऐसा ही कहा है। मैंने नहीं; बाईबल ने!

और कहा कि उसने बहुत सी पुत्रियां उत्पन्न की है अपने से एक के बाद दूसरी कलिसियाये। ठीक है, अब, मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, और लूथरन, और आदि–आदि, आप देखिये, कि आप "**वैश्याओं की माता**" से कहां से आए है। उन्होंने सही जीवन जिया, परंतु जब उजियाला चमकना आरंभ हुआ...

202 यह गर्मियों के समय में जैसे कोकरोचो का झुंड होता है। जहां पर यह पुराने कोकरोच अनाज के दाने खा रहे हो, वहां पर उजियाला करके देखिए या ऐसा ही कुछ और, और उन पर रोशनी चमकाईये उन्हें देखिए वे जितनी जल्दी हो सकता है छिप जाते है।

203 आप सुसमाचार प्रचार कीजिए, या उन औपचारिक भक्तिहीन गिर्जो को पवित्र आत्मा के बपतिस्मे, प्रचार कीजिये; और उन्हें देखिए, "हम ऐसी किसी चीज में विश्वास नहीं करते। मैं विश्वास नहीं करता नहीं... " क्यों? आप जानते हैं कि आरंभ से क्या ये है। यह ठीक बात है। यह बिल्कुल ठीक बात है।

204 भाई, मैं आपके गिर्जे के विरोध में कुछ नहीं कह रहा हूं; आपको वहां उन लोगों में भी रत्न मिलेंगे। मैं कैथोलिको के विरोध में भी कुछ नहीं कह रहा हूं। मैं कैथोलिक लोगों को भी वैसे ही प्रेम करता हूं जैसे ब्रन्हम आराधनालय के लोगों को। मित्र यह आप नहीं है, मैं शोर मचाने का यत्न कर रहा हूं। यह आप नहीं है, मैथोडिस्ट और बैपटिस्ट, और ब्रन्हम टबनिकल। यह आप नहीं हो, यह आप नहीं हो जिस पर मैं चिल्ला रहा हूं। यह पाप है जिसे आप शैतान को अपने ऊपर लादने दे रहे हो! बस क्योंकि आप गिर्जे जाते हैं, आप सोचते हैं कि आप बच गए है।

यीशु ने कहा, "सिवाये इसके कि मनुष्य जल और आत्मा से ना जन्मे, वह किसी भी तरह से परमेश्वर के राज्य में प्रवेश ना करेगा।" और जब आप को पवित्र आत्मा का बपतिस्मा मिलता है तो, "जो विश्वास करते हैं, उनके यह चिन्ह होगे।" यह कंधे से बिल्कुल सीध में है, भाई। परन्तु, यह बाईबल से बिल्कुल कंधे की सीधे में है। यीशु ने कभी ये नहीं कहा, "हो सकता है कि कुछ से यह चिन्ह प्रकट हो।" उसने कहा, "यह उन के द्वारा प्रकट होंगे।"

ओह, वे कहते है, "अब, मैं यह विश्वास करता हूं कि वह चेलों के लिए था। मैं विश्वास करता हूं कि चेलो का केवल एक ही युग हुआ, और वह वहां आरंभ में ही था।"

205 कल रात्रि हमारा यही पाठ था, "उसके हाथ में सात सितारे थे," और प्रत्येक कलिसियायी युग को उजियाले के लिए क सितारा दिया गया, ठीक है; बिल्कुल वैसे ही जैसे कि एक चेला *यहां* है और चेला *वहां* है, और एक चेला *वहां,* और एक चेला *वहां* जो कि; "परमेश्वर की सात आत्माये," हमें पाठ के आरम्भ, "परमेश्वर के सम्मुख खड़ी है, कि सातों कलीसिया कालो में भेजी जाये।"

206 ओह, भाई, किसी छोटे बैपटिस्ट या मैथोडिस्ट की शिक्षा के साथ घूम सका है, और इसके साथ–साथ चल सकते है; परंतु जब आप एक बार बाईबल की दृष्टी होकर, इसे देखते है। यह ठीक है। आमीन। अब मुझे एक प्रकार से धर्म विभारे सा अनुभव हो रहा है। आमीन। जी हां, श्रीमान। देखिए। भाई, आप इसी स्थिति में है। यह पिसाई है; परंतु कोई भी रगड़, यह आपको अच्छा नहीं बना सकती...

207 जी, वहां पीछे बैठी है, वह मुझे अरंड का तेल पिलाया करते थी। हम सब छोटे–छोटे बच्चे थे। हमें मक्के की रोटी और राजमा सप्ताह में प्रतिदिन खाने पड़ते थे, और रविवार को भी। किसी भी प्रकार से, मुझे बहुत सारी दवाई खानी पड़ती थी। शनिवार की रात्रि, वह सदा अरंडी का तेल पिलाती थी। और शनिवार रात्रि, मुझे *इस* प्रकार अपनी नाक पकडनी पड़ती थी, मैं यह हास्य व्यंग के लिए नहीं कह रहा हूं। मैं अपनी नाक पकड़ लेता, और मैं कहा करता, "मां, बस मैं यह नहीं ले सकता। इससे मेरी तबीयत खराब हो जाती है।"

उन्होंने कहा, "यदि यह बीमार ना करे, तो इससे तुम्हारे लिए कोई भलाई नहीं होती।"

208 ऐसे ही *यह* है। यह आपमें हलचल उठ कर देगा! यह—आपके पाचक यन्त्रों को ठीक चालू कर देता है, ताकि आप पूर्ण सुसमाचार को पचा सके।

209 लूथर न्यायोचित के साथ आया। क्यों, वे बस... सारे को संस्था कर लिया, "जी हां, श्रीमान, हम कलीसिया है!"

210 जॉन वैसली ने पवित्रीकरण को देखा। उसने कहा, "मैं देखता हूं यह है।" और उसने कहा, "लूथर यह ठीक है, परंतु यह ये है।" वह क्या था? लूथर अपने समय के लिए एक सितारा था, परंतु यहां वैसली है। ठीक है।

211 यहां वैसली आता है, वह उन्हें अपने युग में ले गया सब, सारे, लूथरन तखाल में वापस चले गए, क्योंकि... वे भूल गए... अब, सारे नहीं... मेरा

मतलब लूथरन कलिसिया से है। लूथरन में अब भी अच्छे लोग हैं जो कि पवित्र आत्मा से भरे हुए है। यह ठीक बात है। परंतु अब, वे सब उस युग में कलिसिया में वापस चले गए। ठीक है।

यहां वैसली आता है। वह उन्हें अपने युग में लेकर चला।

212 तब पहली बात आप जानते हैं, साथ ही... वैसली के युग के पश्चात, पेंटीकोस्टल आते है। और उन्होंने पवित्र आत्मा पाया, अन्य–अन्य भाषा में बोलना।

213 मेरे, मैथोडिस्टो, और नाजरिनो, और होलीनेस, कहते है, "ओह, यह शैतान है।" और आप देखिए कि आपने क्या किया? आपने पवित्र आत्मा की निंदा की है। और देखिए कि आप आज कहां है? यह ठीक बात है। तुम, बिल्कुल यही तुमने किया है। बिल्कुल ठीक तुमने यह किया। और आप उजियाले में चलने में असमर्थ रहे।

214 और अब तुम पेंटीकोस्टलो इतने गुनगुने हो गए हो, यह लोदेसियन कलिसियायी युग, जब तक परमेश्वर तुम्हें अपने मुंह में से ना उगल दे। ठीक है। यह बिल्कुल ठीक बात है।

215 आप कहते है, "क्या आप अन्य भाषा बोलने में विश्वास करते है?" जी हां, श्रीमान। "क्या आपने कभी अन्य भाषा बोली है?" जी हां, मैं इसके लिए परमेश्वर की मां करता हूं। जी हां, मैंने बहुत बार अन्य भाषाएं बोली है। और मैं यह विश्वास करता हूं कि यह परमेश्वर की सामर्थ है। जी हां। मैं अन्य भाषा में बोलने को, प्रारंभिक प्रमाण होने का विश्वास नहीं करता। परंतु मैं यह विश्वास करता हूं कि परमेश्वर की सामर्थ होती है, जो आपसे अन्य भाषाये, चिन्ह और आश्चर्य कर्म करवाती है। जी हां, श्रीमान।

216 और तब शैतान वहां अपनी पुरानी चाल चलाता है, कोई जिसने हंसी ठट्ठा किया है और इस प्रकार के कार्य किए जैसे उनके पास पवित्र आत्मा हो। और आप सब जो पिलग्रिम होलीनेस और होलीनेस, और नाजरीन, आप सब ने पीछे, मुड़कर देखा और कहा, "ओह, मुझे वह सब कुछ नहीं चाहिए। ओह!"

217 ओह, अनुग्रह हो! यदि आपके पास पवित्र आत्मा था, या परमेश्वर का कोई भाग आपके ह्रदय में था, आपका पवित्रीकरण हुआ जैसा कि होना चाहिए, और आपने उसे परमेश्वर की सामर्थ की तरह पहचाना। क्या यीशु

ने नहीं कहा, “यदि तुम मूसा को जानते तो तुम मुझे भी जानते”? निश्चय ही। यदि पवित्रीकरण पवित्र आत्मा का भाग है जिसने आपको साफ और पवित्र किया; यदि आपको यह मिला है तो आप इस बार बाकी को भी पहचान लेंगे जब यह आता है।

218 *यह* हाथ *इस* हाथ को पहचानता है। *यह* सिर *इस* पैर को पहचानता है। यह शरीर का भाग है।

219 और बाईबल ने कहा कि आत्मा के नौ वरदान है; भविष्यवक्ता, शिक्षक, सुसमाचार फैलाने वाले–... और आदि–आदि; और अन्य–अन्य भाषाओं का अनुवाद, अन्य भाषाओं में बोलना, दिव्य चंगाई। यह इसके हर बिन्दू को पहचानेगा।

220 ओह, आप सुन्न हो गये, “मैं इससे कोई मतलब नहीं रखना चाहता।” और यहां गर्मी हो रही है, है कि नहीं? यह सत्य है। क्यों? क्यों? आप संस्थागत हो गए। कर आपके गिर्जे ने ऐसा कहा है, और यही कारण है कि आप यह नहीं कर सके।

221 परन्तु आप में से बहुत से मैथोडिस्ट बाहर निकल कर आये और पवित्र आत्मा पाया। आप में से बहुत से बैपटिस्ट बाहर निकल कर आये और पवित्र आत्मा पाया। जी हां, श्रीमान। आप, और आप में से बहुत से होलीनेस बाहर निकल कर आए और पवित्र आत्मा पाया। जी हां। क्यों? आप चिंता नहीं करते कि गिर्जा ने क्या कहा। आप उजियाले में चले है। आमीन। आपने चिंता नहीं की कि क्या होगा। आप जान गए कि यह प्रभु का है, और बस आपने उसका पालन किया।

222 उस बूढ़ी—उस बूढ़ी स्त्री को पीछे की रहने दो, उनकी बूढ़ी मां। वह अपनी पुरानी मां के जैसे कार्य कर रही है, एक वैश्या। वह संस्थागत हो गई। जब कैथोलिक गिर्जा संस्थागत हुआ, तो यही सिद्धांत था जो कष्टों का आरंभ था। तब उसके पश्चात लुथरन गिर्जा संस्थागत हुआ। उसके पश्चात् मैथोडिस्ट गिर्जा संस्थागत हुआ। फिर बैपटिस्ट संस्था हुआ। और अब छह सौ छियानवे के लगभग संस्थाये है। और पेंटीकोस्ट ने भी यही किया!

223 महिमा हो! क्या मामला है? परमेश्वर यह सिद्ध कर रहा है कि वह संस्था में नही है। वह आत्मा में है, पवित्र आत्मा। हाल्लेलुय्या! हाल्लेलुय्या! जी हां, श्रीमान।

224 वह चिंता नहीं करता कि आपकी संस्था क्या है। वह अर्थहीन है। यह कैथोलिकवाद से जुड़ी हुई है, और उसी में वापस चली गई, और उस में स्थिर है, और आप भी वही चिन्ह लेते हैं जो वह स्वयं है। क्या दूत ने वही कहता, "उस से बाहर निकलो मेरे लोगों और उस पापो में भागी मत हो, और मैं तुम्हें ग्रहण करूंगा"? "उसकी अशुद्ध वस्तुओं को ना छुओं, और मैं तुम्हे ग्रहण करुंगा," पवित्र आत्मा बोल रहा है।

225 "और जो कोई भी पशु की छाप को लेता है, या उसके नाम के अक्षर को लेता है।" इच्छा थी हमारे समय होता कि हम इसे देखते, मेरा समय पूरा हो गया है। उसके नाम का अक्षर क्या है? विरोध मत का सिद्धांत। "आइए इससे संबंधित एक मूरत बनाएं। आइए हम एक संस्था बनाए। हमारा गिर्जा इतना ही बड़ा है जैसे कैथोलिक गिर्जा।" वे यह सब बातें लेते है। "उनके पास बड़े गिर्जा घर थे, और हमारे पास भी है। हमारे पास भी नगर के सभ्रांत लोगों का झुंड है, हमारे गिर्जे में है, जैसे उनके में है। आइए हम एक पशु की मूरत बनाएं।" और बाईबल क्या कहती है, वह एक "**वैश्या**," है और वह संस्थाओं से होती हुई एक "**वैश्या**," है।

226 परंतु जीवित परमेश्वर की कलीसिया स्वतंत्र है। "वह जिसको पुत्र ने स्वतंत्र किया है वह वास्तव में स्वतंत्र है।" इससे बाहर निकलो! और परमेश्वर की आत्मा से भर जाओ।

> राष्ट्र टूट रहे हैं, इस्राएल जाग रहा है,
> वह चिन्ह जो बाईबल ने पहले ही बता दिया;
> अन्यजातियों के दिन गिने हुए हैं, जो कि हेगे से निर्धरित
> है;
> "ओह, बिखरे हुओं, अपनों में वापस आ जाओ।"
>
> छुटकारे का दिन पास है,
> मनुष्यों के ह्रदय डर से हार रहे है;
> परमेश्वर की आत्मा से भर जाओ, आपके चिराग को
> छाट और साफ कर दिया है,
> ऊपर देखो! तुम्हारा छुटकारा पास ही है! (आमीन।)

227 चीजे कैसे हो रही है! उसने कहा, अंत के दिनों में, "छोटे झुण्ड, मत डर। तुम्हारे पिता की यही सुइच्छा है कि स्वर्ग का राज्य तुम्हे दे," स्वर्गीय स्थानों में एक साथ बैठे हुए हो।

228 और आप मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेसबीटेरियन, जो पेंटीकोस्ट पर हंसे थे...

229 और, मैं कहता हूं, पेंटीकोस्टलो को पुराने तरह के सुसमाचार की ताड़ना की आवश्यकता है, क्योंकि वे संस्थागत हो गए है। वही असेम्बलीस ऑफ गॉड उस—उस बड़े पेंटीकोस्टल में मिल गई है, गिर्जो के संगठन की सदस्यता ले ली है, ऐसे ही जैसे रिवाज और उदासीन। और पवित्र आत्मा के साथ जितना दुर्व्यवहार होते मैंने कभी नहीं देखा है, वह पेंटीकोस्टल प्रचारकों के द्वारा होते देखा था। इसलिए मत सोचिए, क्योंकि आप पेंटीकोस्टल गिर्जे से संबंधित है, तो आप बचे हुए है।

230 आप केवल तब ही बचे हुए हैं, जब आप सच में परमेश्वर की आत्मा, पवित्र आत्मा के द्वारा बपतिस्मा पाते हैं, उसकी जी उठने की सामर्थ में जुड़ गए है, और चिन्हों और आश्चर्यकर्मों को जहां आत्मा जाता है। भविष्यवक्ताओं के द्वारा चिन्ह होते है। यीशु मसीह के द्वारा हुए। चेलो के द्वारा चिन्ह हुए। उसने कहा, "यह चिन्ह उनके द्वारा होंगे," जब तक वह फिर से वापस ना आये।

"भाई ब्रन्हम, क्या यह कहा गया है?"

231 "सारे जगत में जाओ और इस सामर्थ को प्रचार करो और हर राष्ट्र में प्रदर्शित करो।" और अब भी दो तिहाई, मैं यह नहीं है, अभी भी उन्होंने कभी नहीं सुना है। "और उनके यह चिन्ह होगे।" "उनके!" "प्रत्येक राष्ट्र!"

232 महिमा हो! व्युह! ओह, प्रभु! हो सकता है आप सोचते है मैं पागल हूं। भाई, मैं आपको बताता हूं, मैं इस पुराने समय के अच्छे धर्म को प्यार करता हूं। जी हां, श्रीमान, आप मसीह में लंगर डाल लो!

233 अब आप देखिए कि पशु की छाप है क्या? यह स्वधर्म त्याग की छाप है। यह एक व्यक्ति है जो कि... जरा सोचिए कि, "अच्छा, मैं एक गिर्जे से संबंधित हूं, और मैं भी ऐसा भला हूं, जैसा कि कोई दूसरा व्यक्ति। क्या मैं इस गिर्जे का सदस्य नहीं है?" और आप अनुभव करते हैं, वह संस्थागत गिर्जा जिसके ऊपर आप निर्भर करते है? यह कहां से आया है?

234 बाईबल ने कहा, "वह जो इस पशु की आराधना करता है उसकी छाप, या उसके नाम के पत्र को लेता है," अब ध्यान दे, "माथे पर या हाथ पर," यह *ज्ञान* या *कार्य* है। इसका यह अर्थ नहीं है कि आपके चेहरे पर कितना

बड़ा गोदना है। यह वह नही है। यह ऊपरी रूप में बात नही कर रहा है। यह आत्मिक रूप में बात कर रहा है।

235 और उस पर ध्यान दीजिए और देखिए कि वह वचन के विषय में क्या जानता है। उसकी सुनिए और देखिए कि वह कहां जाता है। "यदि किसी मनुष्य के पास यह शिक्षा नहीं है, तो उसके पास उजियाला नहीं है," यह बाईबल कहती है। समझे? समझे? देखिये वह कहा जाता है देखिए वह कहा जाता है। देखिये वह क्या करता है।

236 वह कहता है, "ठीक है, मैं—मैं वहां से हूं। मैं प्रोटेस्टेन्ट हूं। जी हां, श्रीमान। मैं—मैं *इस* अमूक गिर्जे से संबंधित हूं। जी हां, श्रीमान।" इसके प्रति रविवार को आपके अंदर इसके लिए इतना सम्मान है कि आप वर्षा में भी निकल कर आते है। वह जाता है, बजाये इसके कि वह प्रार्थना सभा में जाए, आप गिर्जा बंद कर देंगे, और बैठ कर टेलीविजन देखते हैं। वह यहां जाता है और शराब पीता और समय बिताता है, और बाकी संसार के समस्त कार्य करता है, तब भी वह गिर्जे से संबंधित है। याद रखें, यह पाप ही छाप है।

237 अब आईये जल्दी से थोड़ा आये पढ़े, और तब हम बंद कर देंगे। हमारा समय समाप्त हो गया है। आईये अब 6वां पद पढे।

> *और मैंने उस स्त्री को पवित्र लोगों के लहू, ...* (कलीसिया) *पवित्र लोगो के लहू से* मतवाली *देखा, ...*

238 "पवित्र लोगो के लहू से मतवाली देखा।" आप जानते है, कि बाईबल ने कहा, जब वह नाश हो गई थी, कि प्रत्येक मरणहार, जो कि पृथ्वी पर मरा, उसका दोषी कैथोलिक गिर्जे को पाया गया। बिल्कुल, ठीक आरंभ में।

> *... और यीशु के गवाहों के लहू पीने से मतवाली देखा: और...* (अब यूहन्ना बोल रहा है)... *और जब मैंने उसे देखा, मैं बहुत ही आश्चर्य चकित हो गया।*

239 यूहन्ना ने कहा! अब आईये यहां देखिए। यूहन्ना ने कहा, "मैंने उसकी ओर देखा; वह बहुत ही सुंदर थी एक सुंदर बड़ा गिर्जा या कलीसिया। उसके द्वारा सारे गिर्जो के झुंड उससे उत्पन्न हुए, 'वैश्याओ की माता।' और मैंने वहां पीछे की ओर देखा, और यह स्त्री कैसे हो सकती है... वह गलत शिक्षा दे रही थी, सारे राजाओं और महान व्यक्तियों को उस मदिरा से मतवाली

कर रही थी। और यहां उसकी पुत्रियां भी वही कार्य कर रही थी। परंतु, मैंने उसकी ओर देखा; वह बहुत ही सुंदर थी!"

240 वचन में एक स्थान पर यह कहा गया है, "मैं रानी बन बैठी हूं और मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं।" देखा?

241 और तब उस, यूहन्ना ने कहा, "मैंने उसकी सराहना की। मैंने उसकी ओर देखा, और बड़ी सराहना से देखा। मैंने उसकी सराहना की।"

और उस स्वर्गदूत ने मुझ से कहा, तू क्यों चकित हुआ? मैं इस स्त्री... मैं इस और उस पशु का, जिस पर वह सवार है, और उसके... सात सिर और दस सींग है, तुझे भेद बताता हूं।

242 अब आइए देखें यदि हम थे। यदि हमने कैथोलिक वाद को ठीक से जाना तब आप जानते हैं कि प्रोटेस्टेन्टवाद उसका अनुकरण कर रहा है। इसलिए आप... आप समझ गए इससे, समझने के लिए अब आपके पास पर्याप्त जानकारी है, देखा। ध्यान दीजिये।

जो पशु तू ने देखा है यह पहले तो था,... पर अब नहीं; और...

243 "वह पशु।" अब ध्यान दें। अब आप यहां पर देखेंगे, उसने वहां पर कितने राजा बताये; कितने गिरे थे, एक आना चाहिए।

... और अथाह कुंड से निकलेगा,...

244 बाईबल पर नहीं! अंधविश्वासयो के झुण्ड में से जो बना था। इसका कोई पुष्ठाधार नहीं है। "शोधक अग्नि" आप कहां पाते हैं? "मांस ना खाना," यह कहां से आया और "पादरी विवाह ना करें," और वे सारे चीजें जो वे करते हैं, अपराध, "स्वीकरण"? आपको यह कहां से मिला? इसे ढूंढने के लिए कोई स्थान नहीं है कि मिले। यह नरक में से आया है। बाईबल ऐसा ही कहती है। यह आता है, वह पशु, वह सामर्थ, वह शिक्षा जो उसकी है, "अथाह कुंड से आता है।"

... और *विनाश में पड़ेगा:...*

245 "विनाश" कहां है? नरक। फिर वापस उसी स्थान पर जाता है जहां से यह आया है।

... और पृथ्वी के रहने वाले, जिनके नाम जगत की उत्पत्ति के समय से... जीवन की पुस्तक में लिखे नहीं गए, इस पशु की यह

दशा देखकर, कि पहले था,... और अब नहीं है; और फिर आ जाएगा, अचम्भा करेंगे।

246 अब, प्रोटेस्टेन्ट गिर्जे कहते है, "भाई यह कैसे हो सकता है, वे कहते है, 'मैं यीशु मसीह पर विश्वास करता हूं। वह मेरा व्यक्तिगत उद्धारकर्ता है'? " भाई शैतान भी विश्वास करता है।

247 इसके लिए फिर से उत्पन्न होना ही है, एक नया जन्म, फिर से जन्म लेना। और जब आप फिर से जन्म लेते हैं, आपका नाम मेमने के जीवन की पुस्तक में लिखा हुआ है।

248 आप कहते है, "मुझे कभी–कभी आश्चर्य होता है। ठीक है, मेरे में क्या, इतना अच्छा है, जैसा कि किसी और में है? मैं तो उन बुद्धि वाले पवित्र शोर करने वालो से अच्छा नहीं हूं? मेरे में भी वैसी ही बुद्धी है जैसे मैं दूसरों में पाता हूं... मेरे पास डिग्रिया नहीं है। मैं कॉलेज कभी नहीं गया। मैं एक अच्छे परिवार से हूं। मेरे लोग मुझसे पहले गिर्जे के सदस्य थे। मैं इतना अच्छा नहीं हूं जितने आप? "

249 यह कहां गया, "समस्त संसार," प्रोटेस्टेन्ट और सारे लोगों ने, "आश्चर्य किया," केवल उन लोगों को छोड़ जिनके नाम जीवन की पुस्तक में लिखे हुए थे।

250 नाम क्यों लिखे गए थे? वे इब्राहिम के वंश है, "और प्रतिज्ञा के अनुसार जगत की उत्पत्ति से पहले चुने गए उसके वारिस है।" इसलिए वे आश्चर्य नहीं करते। यहां ध्यान दें, अब देखें उसने क्या कहा। इनको जो मेमने के जीवन की पुस्तक में है इन्हें देखिए।

और ज्ञान इसी में है जिसे *बुद्धि हो।*

251 अब मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूं। क्या ज्ञान याने बुद्धि पवित्र आत्मा का एक वरदान है? [सभा कहती है, "आमीन"—सम्पा।] क्या यह ठीक है? कितने विश्वास करते हैं कि बाईबल में, पहला कुरन्थियो 12 में सिखाता है कि वरदान और सब कलीसिया में, बुद्धि है, आइए देखें, वरदानो में से एक? अच्छा, तो आप कैसे कह सकते हैं कि अन्य भाषाओं में बोलना नहीं है? आप कैसे कह सकते हैं कि भाषा का अनुवाद नहीं है? आप कैसे कह सकते हैं, कि कोई दिव्य चंगाई नहीं है? क्योंकि एक ही देह है... यदि मैं देह हूं, *इस* ओर हाथ है और *इस* तरफ है, और पैर *यहां* है; आप कैसे

कह सकते हैं कि हाथ है ना कि पैर? क्या आपने नहीं सुना कि पौलुस ने क्या कहा?

252 अब ध्यान दें, वह अंत के दिनों में सीधा–सीधा देह से बोल रहा है, कहा, “यह उसके लिए है जिसमें बुद्धि हो।” ओह, इस प्रकार। ओह, प्रभु! इस प्रकार आश्चर्य यह है जो आपको चौंका देगा। इसे सुने। ठीक है। “यहां वह समझे जिसके पास बुद्धि हो।” यदि वे पवित्र आत्मा के वरदान उन सब युगो में नहीं आए, तो क्यों वह इस अंत के दिनों में बोल रहा है? यदि कलीसिया में अंत के दिनों में वरदान नहीं है, तो फिर उसने इन अंत के दिनों में यह निर्देश क्यों दिया है? “यहां वह जिसके पास ज्ञान यानी बुद्धि हो।”

... सात सिर वे सात पहाड़ हैं, जिन पर वो स्त्री बैठी है।

253 कितने पहाड़? संसार में कितने नगर है, यदपि एक कलीसिया सात पहाड़ो पर है? केवल एक। वह कहां है? रोम में वह वेटिकन नगर। यह ठीक बात है? [सभा कहती है, “आमीन”—सम्पा।] बाईबल ने कहा कि यह भयानक वैश्या जिसने सारे संसार से व्यभिचार करवाया, और पुत्रियों का एक झुण्ड उत्पन्न किया कि वे उन्हीं बातों की शिक्षा दें जो उसने दी है; वे ऐसे खराब ना थे जैसी वह है, परंतु वे वैश्याये थी। उन्हें उन्हीं बातों की शिक्षा दी। कहा, “इसका आरंभ एक स्त्री होगी,” या एक गिरजा, “जो सात पहाड़ों पर विराजमान है,” रोम में। मैंने सारे संसार में देखा, मुझे बताये; कि यह कहां है, “एक कलीसिया या गिर्जा सात पहाड़ों पर विराजमान है।” अब मैं यह बाईबल में से पढ़ रहा हूं।

और वे सात राजा भी है: पांच तो हो चुके, ...

254 यदि हम इतिहास लेकर पीछे की ओर देखें और दिखाये, कि जब से बाबुल का राज्य हुआ, रोम में राजाओं का कहां–कहां पतन हुआ।

... *एक अभी है* (नीरो), *और* एक अब *तक आया नहीं; और जब आएगा, तो कुछ समय... तक रहना उसका रहना भी अवश्य है* (लगभग छह महीने) जब वह आता है।

255 “और वह पशु... ” ओह! इसे देखिए। अब सामर्थ पागान के स्थान को लेने वाली है।

और जो पशु पहले था और अब नहीं है, वह... आप आठवां है, (अब ध्यान दें) *और उन* सातों *में से उत्पन्न हुआ है,...*

256 आप सब जानते हैं कि वह कितना निर्दयी राजा था। उसने–... अपनी मां को एक घोड़े के लट्ठे से बांधकर और उसे सड़कों पर ही खिंचडवाया, और नगर को आग लगा दी, और पहाड़ पर सारंगी बजायी। इसी प्रकार की आत्मा जो कि गिर्जे के ऊपर राज्य कर रही है जो कि पागान के स्थान में स्थित है। "आठवां, जो की सातवें से है। और तब वह है, और फिर नहीं है, और फिर है, और फिर नहीं है; और है, और फिर नहीं है," और इसी प्रकार से।

... और विनाश में पड़ेगा।

257 जब तक प्रभु नहीं आता तब तक भारी पड़ेगा, और वह नरक में डाला गया है।

और दस सींग जो तूने देखे वे दस राजा है, जिन्होंने अब तक राज्य *नहीं पाया; पर उस पशु के साथ घड़ी भर के लिए राजाओं का सा अधिकार पाएंगे।*

258 ओह, यदि थोड़ा सा हमारे पास होता... "अभी तक अधिकार प्राप्त नहीं हुआ।" वे राजा नहीं है। उनके पास नहीं है... उनके पास नहीं हो सकता। सींगो पर मुकुट नहीं है। "उन्होंने राजाओं का अधिकार प्राप्त किया।" यह क्या है? अधिनायक यानी तानाशाह; मुकुट वाले राजा नहीं। अधिनायक! ओह, प्रभु!

259 अब, ओह, जब मैं यह पढ़ता हूं, कभी–कभी मेरा ह्रदय ख़ुशी से उछलता है, ठीक है, जब मैं सोचता हूं कि कैसे हम यहां अन्त के दिनों में रह रहे है।

और जो दस सींग तूने देखे वे दस राजा है, जिन्होंने अब तक राज्य नहीं पाया; पर उस पशु के साथ घड़ी भर के लिए राजाओं का सा अधिकार पाएंगे।

यह सब मन होगे, और वे अपनी–अपनी सामर्थ और अधिकार उस पशु को देंगे।

ये मेमने से लड़ेंगे, और मेमना उन पर जय पाएगा:...

260 यहां वह आरामीगिदोन की लड़ाई आती है; सहस्त्रशताब्दी यानी मिलेनियम के लिए तैयार।

> ... *क्योंकि वह प्रभुओं का* प्रभु *है, और राजाओं का* राजा:... (घबराइए नहीं)... *और जो बुलाए हुए, और चुने* हुए है, ...

261 आप नहीं; वह है। आपको पवित्र आत्मा मिला, आपको विजय पा लेने के लिए चिल्लाना चाहिए। परमेश्वर ने आपको पृथ्वी के रचने से पहले से चुना है। यदि आप सुसमाचार की ज्योति को नहीं देख सकते हैं, तो यह इसलिए है क्योंकि आप—आप केवल अंधे है।

> ... *चुने हुए, और विश्वासी।*

> *और फिर उसने मुझ से* कहा *कि जो पानी तूने देखे, जिन पर वो वैश्या* बैठी *है, वे लोग,... भीड़, और जातियां और भाषाये है।*

262 दूसरे शब्दों में, यह स्त्री वह कलीसिया है जो यहां बैठी है, लोगों को भीड़, और भाषाओं को एक शिक्षा देने जा रही है। यही वह है। वह उन पर प्रभुता करती है। वह उनके ऊपर विराजमान है, अधिकार से उन पर राज्य कर रही है। वह सात पहाड़ों पर बैठी है, बैजनी वस्त्र पहिने है, संसार की संपत्ति से सजी हुई है। वह यहां है।

> *और वे दस सींग जो तूने उस पशु पर देखे, वे...*

263 अब ध्यान दें, अब आप कम्युनिस्टवाद की सामर्थ पर आ रहे है।

> ... *वे उस वैश्या से बैर रखेंगे और उसे लाचार और नंगी कर देंगे और उसका मांस खा जाएंगे और उसे आग में जला देंगे।*

> *क्योंकि परमेश्वर ने यह उनके मन में यह डालेगा कि वे उसकी मनसा पूरी करें, और जब तक परमेश्वर के वचन पूरे ना हो ले तब तक एक मन होकर... अपना राज्य पशु को दे दे।*

264 हाल्लेलुय्या! "आकाश और पृथ्वी टल जाएंगे, परंतु परमेश्वर का वचन कभी नहीं टलेगा।" देखिये!

> ... *वह स्त्री जो तूने देखी...*

> ... *वह स्त्री जिसे तू ने देखा है वह बड़ा नगर है, जो पृथ्वी के राजाओं पर राज्य करता है।*

265 मुझे संसार का एक नगर दिखाएं जो कि पृथ्वी के राजाओं पर राज्य करता हो, किसी भी प्रकार से जैसे भी आप चाहे, सिवाये रोम में कैथोलिक के, पुरोहितो के शासन को छोड़कर जो सात पहाड़ों पर है। एक भी नगर नहीं और ना ही कभी हुआ था, और कभी होगा भी नहीं; उस नये नगर को छोड़ जो स्वर्ग से आता है। यह ठीक बात है।

266 अब, जरा एक मिनट। मैं आपको यह फिर से दिखाना चाहता हूं ताकि प्रभु ध्यान दें और जैसे हम सब इसे पढ़ते हैं तो एक साथ आशीष दे। ठीक है। अब यहां ध्यान दें, मैं 13वां अध्याय पढ़ रहा हूं। मैं 15वे पद से आरंभ कर रहा हूं।

> *और उसे उस पशु की मूरत में प्राण डालने का अधिकार दिया गया...*

267 यह संयुक्त राज्य है, जिसे हमने उभरते हुए देखा, आप देखते हैं, एक मूरत।

> ... *कि पशु की मूरत बोलने लगे, और जितने लोग उस पशु की मूरत की पूजा ना करे उन्हें मरवा डालें।* (यह समाज से निष्कासित करना है।)

> *और उसने छोटे बड़े धनी कंगाल, स्वतंत्र दास सब के दाहिने हाथ क्या उनके... माथे पर एक–एक छाप करा दी...*

> *कि उसको छोड़ जिस पर छाप अर्थात उस पशु का नाम, या उसके नाम का अंक हो, और कोई लेन–देन ना कर सके।*

268 अब ध्यान दें, ध्यान, बहुत ही ध्यान पूर्वक हम बंद करते है। 18वां पद को। सुने।

> *यहां इसी में ज्ञान है।*

269 देखिए अंत के दिनों में पवित्र आत्मा विश्वासियो को वापस बुला रहा है? वहां एक छोटा झुंड बोल रहा है, इस दिन के छोटे झुंड को बुला रहा है, "यह उसके लिए है कलीसिया में जिसके पास ज्ञान हो। वह इसे समझे।"

> ... *जिसे बुद्धि हो वह इस पशु का अंक जोड़ ले क्योंकि* यह *मनुष्य का अंक है,* (राष्ट्र का नहीं) *एक मनुष्य का; और उसका संख्या छह सौ छयासठ है।*

270 और बिल्कुल ठीक वहां वेटिकन नगर में... अब मुझे ना बताये; मेरे पास *हमारे विश्वास की सच्चाई* हैं, और सब है, देखा। वहां उस वेटिकन नगर में, और पोप वहां पर खड़ा होता है "परमेश्वर के पुत्र के बदले में खड़ा होता है।" मेरे कैथोलिक मित्र यहं बैठे हुए है, वो कैथोलिक था, जो यहाँ बैठा था जो जानते था कि यह सत्य है। मेरे से पहले मेरे परिवार जन भी शायद कैथोलिक थे। समझे?

271 वे संत पैट्रिक को कैथोलिक कहते है, और वह कभी भी कैथोलिक नहीं था। कहा कि जोअन, जो आर्क की थी संत थी और पादरियों ने उसे जादूगरनी समझ कर जला दिया। कोई आश्चर्य नहीं यीशु ने कहा, "तुम लोग जो भविष्यवक्ताओं की कब्रों को सवांरते हो, और उन्हें वहां रखते हो, तुम चूना फिरी हुयी भीतो या दिवारो।" यह ठीक बात है।

272 देखिए, यह मनुष्य का अंक है। और रोम के पोप के, यहां यह लिखा हुआ है, "**विकेरियस फिली दी**।" यह रोमन शब्दावली में लिखा है। आप इसे स्वयं लिख कर देखें, कल। **वी, आई, सी, आई, आर**, ओह, इसे रोमन अक्षरों में रखे, और लाईन खींच कर इसे जोड़ ले, और देखिए आप को क्या मिलता है: छह सौ छियासठ। वो कहाँ बैठा हुआ है? "सात पहाड़ों पर।"

273 और वहां से संस्थागत धर्म का उदय हुआ वे बाईबल के स्थान पर मतों को सिखाते है। और प्रोटेस्टेंट इसी में से निकले है, और वे वैसे ही कर रहे हैं जो वे है, क्योंकि यह कहा गया है कि वह "**वैश्या**, " है, और वे "**वैश्याये**" थी। गलत बपतिस्में के साथ, गलत धर्म के साथ पवित्र आत्मा की गलत विचार धारणा के साथ, नरक की गलत विचार धारणा के साथ नरक की गलत विचार धारणा के साथ और इस प्रकार की सारी चीजें, और प्रोटेस्टेन्ट सही उनके पद चिन्हों पर चल रहे है।

परन्तु सांझ के समय उजियाला होगा,
महिमा का मार्ग आप अवश्य ही पायेंगे; (यह ठीक बात है।)
... मार्ग ही आज उजियाला है,
यीशु के बहुमूल्य नाम में गड़ जाओ।
युवा और बूढ़े अपने पापो से प्रायश्चित करो,

पवित्र आत्मा निश्चय ही अन्दर आयेगा;
सांझ का उजियाला आ गया है,
यह सत्य है कि परमेश्वर और मसीह एक है। (आमीन!)

274 भाई, मैं आपको बता रहा हूं, यह सांझ के उजियाले चमक रहे है। वही एक प्रेरित संबंधित शिक्षा, वही प्रेरित वाला बपतिस्मा, वही प्रेरितो वाले पवित्र आत्मा से भर जाना, वहीं प्रेरितो वाले चिन्ह और आश्चर्य कर्म, अन्य जातियों में द्वारा प्रकट हो रहे हैं; जैसे कि यहूदियों में प्रातः काल में हुए थे, यहां यह सूर्य अस्त में है।

लगभग सभी जगह लोग हैं,
जिनके हृदय अग्निमय है
उसी आग से जो पेंटीकोस्ट पर आयी थी,
जिसने उन्हें स्वच्छ करके साफ कर दिया था;
ओह, अब यह मेरे हृदय में जल रही है,
ओह, उसके नाम को महिमा मिले!
मैं बहुत प्रसन्न हूं कि मैं यह कह सकता हूं कि मैं भी
उन में से एक हूं।

मैं उनमें से एक हूं एक हूं, मैं उन में से एक हूं,
मैं बहुत खुश हूं कि मैं कह सकता हूं, मैं उनमें से एक
हूं;
उनमें से एक, उनमें से एक,
मैं बहुत खुश हूं कि मैं कह सकता हूं मैं उनमें से एक
हूं।

वे ऊपरी कोठरी में एकत्र थे,
सारे उसके नाम में प्रार्थना कर रहे थे,
उनका पवित्र आत्मा से बपतिस्मा हुआ,
सेवकाई के लिए सामर्थ आयी;
अब उसने उनके लिए उस दिन जो किया
वह आपके लिए वही करेगा,
मैं बहुत प्रसन्न हूं कि मैं कह सकता हूं मैं उनमें से एक
हूं। (क्या आप नहीं है?)

मेरे भाई, आकर के, इस आशीष को ले लो
यह आपके ह्रदय को पाप से धो देगा,
हर्षो उल्लास की घंटिया बजने लगेगी
और आपके प्राण को जलता हुआ रखेंगा;
ओह, अब यह मेरे ह्रदय में जल रहा है,
उसके नाम को महिमा पहुंचे,
मैं बहुत खुश हूं कि मैं कह सकता हूं मैं उनमें से एक हूं।

275 ओह, इस महिमामय सुसमाचार के लिए!

यह लहू में टपक रहा है, जी हां, यह लहू में टपक रहा है,

276 दाम लगाओ! "यदि वह मेरे पीछे आना चाहेगा, वह अपने आप से इंकार करें, अपने क्रूस उठाये," मृत्यु, "और मेरे पीछे आए।"

यह पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक रहा है,
प्रेरितो के लहू जो सत्य के लिए मर गए,
यह पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक रहा है।

इस पवित्र आत्मा की योजना के लिए पहले को मरना है,
क्या यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला था, परंतु वह एक मनुष्य की तरह मरा;
तब प्रभु यीशु आया, उन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ा दिया,
उसने प्रचार किया कि आत्मा मनुष्य को पाप से बचाएगा।

वहां पतरस और पौलुस थे, और यूहन्ना दिव्य,
उन्होंने अपना जीवन दे दिया कि सुसमाचार चमके;
उन्होंने पुराने भविष्यवक्ताओं के साथ, अपना लहू मिला दिया,
ताकि परमेश्वर का सच्चा वचन ईमानदारी से बचाया जा सके।

तब उन्होंने स्तफनूस को पत्थरवाह किया, उसने पाप
के विरुद्ध प्रचार किया,
उसने उन्हें इतना क्रोधित कर दिया कि उन्होंने उसका
सर दे मारा;
परंतु वह आत्मा में मरा, उसने प्राण दे दिए,
वह उनके साथ मिलने को चला गया, जीवन देने वाले
मेजबान के लिए।

यह लहू के साथ टपक रहा है, जी हां, यह लहू के साथ
टपक रहा है,
इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक
रहा है,
प्रेरितों का लहू, जो सत्य के लिए मर गये,
इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक
रहा है।

वेदी के नीचे प्राण चिल्ला रहे हैं, “कितनी देर और?”
प्रभु उनको दंड देने पर है जिन्होंने गलत किया है;
(उपवास मजाक उड़ाया, देखो। ओह, प्रभु!)
परन्तु अभी और भी आने है जो अपने जीवन का लहू
देंगे
क्योंकि इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार और इसके
लाल रंग की बाढ़।

यह लहू के साथ टपक रहा है, जी हां, यह लहू के साथ
टपक रहा है,
इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक
रहा है,
प्रेरितों का लहू जो सत्य के लिए मर गये,
यह इस पवित्र आत्मा का समाचार लहू के साथ टपक
रहा है।

277 आईये अब घूम कर एक दूसरे से हाथ मिलाये।

यह लहू के साथ टपक रहा है, जी हां, यह लहू के साथ
टपक रहा है,
इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक
रहा है
प्रेरितों का लहू जो सत्य के लिए मर गये,
इस पवित्र आत्मा का सुसमाचार लहू के साथ टपक
रहा है।

278 क्या आप प्रभु से प्रेम करते हैं? प्रभु आपको आशीष दे।

279 पिता, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इस सभा को आशीषित करें, और होने दे कि ये घर आनंदित होते हुए जाए। होने दे कि यह उस लहू से भरे चश्मे के पास आए जो कि इम्मनुएल के नसों से बह रहा है। होने दे कि यह अपने गिर्जे के पुराने स्वभाव को छोड़कर, और आकर और पवित्र आत्मा प्राप्त करें। हम यीशु के नाम में यह प्रार्थना करते है। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीषित करें। शुभरात्रि। परमेश्वर आपके साथ हो।

पशु की छाप HIN54-0513

(The Mark Of The Beast)

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में गुरुवार शाम, 13 मई, 1954 को ब्रन्हम टैबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org